दैनिक सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 53/ अंक 93/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शुक्रवार 3 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in


पांच लाख मंदिरों में एक साथ होगी पूजा, हर जाति के लोगों को शामिल कर तोड़ेगी जातिगत बाधा


'सुप्रीम कोर्ट को नहीं बनने दे सकते 'तारीख पे तारीख' अदालत', सीजेआई ने वकीलों को लगाई फटकार




## दिल्ली में शुरू हुआ दुनिया का सबसे बड़ा फूड फेस्टिवल

# खाद्य सुरक्षा का मुद्दा सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में एक: मोदी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में खाने पीने के शौकीनों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा फूड फेस्टिवल शुरू हो गया है। इस फेस्टिवल का उद्घाटन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस मौके पर केबिनेट मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा, 21वीं सदी में सबसे बड़ी चुनतियों में से एक फूड सिक्योरिटी भी है. पिछले 9 साल में इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ का विदेशी निवेश आया है. वहीं, भारत में 100 से ज्यादा डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब तैयार हुए हैं. पहले भारत में सिर्फ दो मेगा फूड पार्क होते थे, लेकिन आज इनकी संख्या 20 से ज्यादा हो गई है।

यह फेस्टिवल अगने तीन दिनों तक राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित होगा. बड़ी बात यह है कि इसमें सिर्फ भारत नहीं, बल्कि दुनिया के 80 देशों के लोगों का जमावड़ा हो रहा है। फेस्टिवल में देश के सभी आयुष शोध संस्थान और स्टार्टअप भी इस बार हिस्सा ले रहे हैं। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि आयोजन में 11 मंत्रालयों की भागीदारी होगी, कुल 16 देश इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा 9 देशों के मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल, 6 देशों के अधिकारी प्रतिनिधिमंडल, 12 अंतर्राष्ट्रीय एसोसिएशन, एक दर्जन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ सहित कुल 81 देशों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

श्री पटेल के अनुसार आयोजन के कुल 48 सेशन होंगे। सौ फीट का डोसा इसमें प्रमुख आकर्षण होगा, इसके पहले 54 फीट के डोसा का रिकार्ड है। महोत्सव के प्रमुख उद्देश्य समृद्धि के लिए प्रसंस्करण और मोटे अनाज से दुनिया को





भुखमरी से बचाना हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स को लेकर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि दुनिया को यदि भुखमरी से बचाना है तो मिलेटस पर जोर देना होगा। यूएन के प्लेटफार्म पर श्री मोदी ने कहा कि मिलेट्स वर्ष घोषित करना चाहिए, इसके बाद सर्वसम्मति से 2021 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया। ये महत्वपूर्ण है कि मिलेट्स उत्पादन में चालीस प्रतिशत भारत की भागीदारी है। हमारे पास कच्चा माल है, हम उसका बेहतर तरीके से उपयोग कर सकते हैं। फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को तकनीक के साथ आगे बढ़ाना होगा। महोत्सव में हम इस पर जोर देंगे। भारत को मिलेट्स हब के रूप में प्रस्तुत करना हम दुनिया को सस्ता खाद्य उपलब्ध कराएं, यह हमारा उद्देश्य होगा।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय के मुताबिक इस उत्सव को खास बनाने के लिए पंचमुत्ती दलिया, हिबिस्कस जैम, हिबिस्कस जलसेक चाय, सफेद ज्वार की गेंदें, ओक फर्न कंद सूप, फिंगर मिलेट बॉल, हलीम नाचोस और भृंगराज कन्फेक्शनरी की पेशकश रखी गई है। आयुष आहार के लिए 6 काउंटर लगाए गए हैं. हर प्रकार के खाने के लिए क्यूआर कोड भी हैं. इस खास कार्यक्रम में 200 से ज्यादा शेफ भाग लेंगे और पारंपरिक भारतीय व्यंजन पेश करेंगे. इसकी शुरुआत साल 2017 में हुई थी, लेकिन उसके बाद कोरोना महामारी के चलते इसका आयोजन नहीं हो सका था।


जेपी नड्डा के जबलपुर पहुंचने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने किया स्वागत।

## विंध्य ने कांग्रेस को सब दिया लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं दिया: चौहान

**सतना।** विंध्य ने कांग्रेस को सब दिया, लेकिन कांग्रेस ने विंध्य को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस में केवल परिवारों की चिंता होती आई है कार्यकर्ताओं की नहीं। सतना में ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जाएगा। अभी एक ग्लोबल स्किल पार्क बना है भोपाल में, सिंगापुर के सहयोग से बनाया गया है, जिसमें विश्व स्तरीय ट्रेनिंग बच्चों को दी जाती



है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सतना के संभागीय मीडिया सेंटर में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही। श्री चौहान ने कहा कि कमलनाथ जी बताएं अपने सवा साल का कार्यकाल में विंध्य के लिए क्या दिया। कितने बार विंध्य के दौरे किए..क्या क्या दिया विंध्य को जो यहां के लोगों का विकास कर सके। हम हिसाब देने को तैयार हैं विंध्य का जो विकास हुआ है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है।

**विकसित प्रदेश बनाना टारगेट-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि समृद्ध भारत, एक शक्तिशाली भारत का निर्माण हमारा लक्ष्य और उसके लिए समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश में बनाना है। हम उस अभियान के एक अंग हैं और इस अभियान के तहत हवाई पट्टी, मऊगंज में बाईपास, ब्यौहारी में रिंग रोड, सिंगरौली बाईपास अनूपपुर में बाईपास और रीवा में भी बेला सिलपरा रिंग रोड फेज-2 हम बनाएंगे। हमारे पास पूरे विंध्य का रोडमैप तैयार है।

### कांग्रेस राम को काल्पनिक कहती थी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस राम को काल्पनिक कहती थी। कोर्ट का सहारा लिया जाता था। ऐसे -ऐसे सवाल पूछे जाते थे कि दशरथ जी के महल में 10 हजार कमरे थे, बताओ कौन से कमरे में जन्म हुआ। अब जब लग रहा है जनता नहीं मानेगी तो राम नाम की माला जप रहे हैं हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। लेकिन अब राम मंदिर का निर्माण हो रहा तो कांग्रेस को पच नहीं रहा, पोस्टर लगने का विरोध किया जा रहा है।

### बिखरी हुई कांग्रेस प्रदेश का भला नहीं कर सकती

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिखरी हुई कांग्रेस कभी देश और प्रदेश का भला नहीं कर सकती। सोनिया गांधी बेटा और बेटी को ही स्थापित करने में जुटी हैं। इसी परंपरा को कमलनाथ जी निभा रहे हैं, वह अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं। उनके बेटे तो टिकट भी घोषित करते हैं। पहले छिंदवाड़ा की टिकट बेटा अनाउंस करेगा और बाद में फिर कांग्रेस अनाउंस करेगी। दिग्विजय जी अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं और पर्दे के पीछे इंडी गठबंधन तो बिखर ही गया है कांग्रेस भी बिखेर रही है और अब सफाई देनी पड़ रही है।

### प्रत्येक परिवार को रोजगार देना लक्ष्य

श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहन को 1250 रुपया प्रतिमाह मिलता है। इसको बढ़ाकर 3000 तक हम धीरे-धीरे ले जाएंगे, लाखों बेटियां पैदा होते ही लखपति बन गई। हमारा एक संकल्प और है कि प्रत्येक परिवार को रोजगार देना। जो लोग पीएम आवास योजना से छूट गए हैं उन्हें भी मकान मिलेगा। देश की जीएसटी में प्रदेश का योगदान हमारे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। किसानों को सम्मान निधी मिल रही है। कमलनाथ ने 15 महीनों की सरकार में योजनाओं पर तालाबंदी कर दी थी। आने वाले चुनाव में उसका जवाब अब जनता देने को तैयार है। कमलनाथ के शासनकाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया। जगह-जगह दलाली के अड्डों की बात किसी से छिपी हुई नहीं है।

## कांग्रेस को चुनाव के समय सनातन धर्म की याद आती है: रविशंकर प्रसाद

**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज भोपाल मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि भाजपा प्रदेश में जनता का विश्वास प्राप्त कर रही है और इस बार फिर हम सरकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सनातन धर्म से कोई लेना देना नहीं है, केवल चुनाव के दौरान वह धर्म की बात करती है।

प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में प्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकाला है। प्रदेश में सभी जगह विकास दिखाई दे रहा है। उद्योगों का विकास हुआ, किसानों की आय बढ़ी है। महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ है। महिलाओं के लिए तो मप्र ने देश में सबसे ज्यादा योजनाएं चलाई हैं और इसका लाभ उन्हें मिला है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने एडजस्टमेंट की लड़ाई लड़ रही है, यहां



की राजनीति में कुर्ता फाड़ हो रहा है। टॉप लीडर शिप में समन्वय का अभाव है,। कोई गाली खाने का पावर ऑफ अटरनी दे रहा है, कोई ले रहा है। प्रदेश में कांग्रेस ने कुछ किया हो तो प्रदेश की जनता का बताएगी। राहुल गांधी को फुर्सत ही नहीं। यह अवसरवादी गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एमपी में चुनावी हिंदू बहुत घूम रहे हैं, कोई रामायण की बात कर रहा है, कोई हनुमान चालीसा पढ़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की पीठ ने कहा एक मात्रा का कर्जा था उनका इसका कोई सबूत नहीं, या तो राम का जन्म स्थान था जिसे हिंदू प्रणाम करते रहे हैं, एमपी में हमास के माध्यम से हवा बनाने की कोशिश की जा रही है।

## रणदीप सिंह सुरजेवाला का दावा, रोका जा सकता था पटवारी भर्ती परीक्षा घोटाला

**भोपाल।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दावा किया है कि मध्यप्रदेश का पटवारी भर्ती परीक्षा घोटाला रोका जा सकता था, लेकिन सरकार की लापरवाही और सत्ता में बैठे लोगों की मिली भगत के चलते इसे रोका नहीं गया। ये घोटाला 4 अप्रैल 2023 को ही पकड़ में आ गया था, मगर उसके बावजूद भी 25 अप्रैल, 2023 तक पटवारी भर्ती परीक्षाएं ली गई और 4 अप्रैल, 2023 को पकड़ाये पटवारी भर्ती घोटाले पर पर्दा डाल दिया गया।

आज भोपाल में पत्रकारवार्ता के माध्यम से उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 23 भर्ती प्रवेश परीक्षाओं में 1 करोड़ युवाओं के भविष्य की बोली लगाई गई। इनमें व्यापम घोटाला, डीमैट घोटाला, नर्सिंग घोटाला भी शामिल है। व्यापमं घोटाले ने युवाओं का भविष्य



तो खराब किया ही, दर्जनों परिवार बर्बाद हो गए। कई युवा और उनके परिजन मौत के आगोश में चले गए। डीमेट घोटाले में डेन्टल और मेडिकल टेस्ट के नाम पर 6 निजी मेडिकल और 16 निजी डेन्टल कॉलेजों की सारी सीटें 50 लाख रू. से लेकर 1.50 करोड़ रूपये बेच दी गईं। सुप्रीम कोर्ट में हलफनामे में सीबीआई ने कहा कि डीमेट घोटाला व्यापम से भी बड़ा घोटाला है और हम इसकी जाँच भी नहीं कर सकते।

मप्र में संचालित फर्जी नर्सिंग कालेज का घोटाला इतना व्यापक और बड़ा है कि जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। मप्र में 695 नर्सिंग कॉलेज संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें 3 साल से परीक्षाएं स्थगित हैं और डेढ़ लाख बच्चों का भविष्य अंधकार में डाल दिया गया है।

## दिल्ली की हवा जहरीली हुई, 5वीं तक के स्कूल बंद

### गैर-जरूरी निर्माण-तोड़फोड़ और कोयला जलाने पर रोक; डॉक्टर बोले- मास्क जरूर पहनें



**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा जहरीली हो गई है। इंडिया गेट, अक्षरधाम, रोहिणी, आनंद विहार समेत 13 इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के ऊपर दर्ज किया गया। एक्यूआई 300 से ऊपर की रेंज बेहद खतरनाक कैटेगरी में मानी जाती है।

हवा की क्वालिटी खराब होने पर कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के थर्ड स्टेज को लागू कर दिया। ग्रैप का स्टेज थर्ड तब लागू किया जाता है जब एक्यूआई 401-450 की सीमा में गंभीर हो जाता है।

## जल जीवन मिशन मामले में ईडी की छापेमारी, 25 जगहों पर तलाशी, सुबोध अग्रवाल के घर भी पहुंची टीम

**जयपुर।** राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की टीमों के ईडी अधिकारियों ने दल-बल के साथ जल जीवन मिशन मामले में पूरे राजस्थान में 25 स्थानों पर छापेमारी की है। सुबोध अग्रवाल सहित कई अधिकारियों के आवास पर ईडी टीमें पहुंची है। ईडी की छापेमारी से अधिकारियों और ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। सुबोध अग्रवाल एडिशनल चीफ सेक्रेटरी हैं। उनके आवास, दफ्तर सहित 20 ठिकानों पर ईडी की टीमें पहुंची हैं। वहीं, केडी गुप्ता, चीफ इंजीनियर, दिनेश गोयल, इंजीनियर और रामकरण शर्मा, प्रॉपर्टी डीलर के जयपुर स्थित ठिकानों पर भी छापामार कार्रवाई जारी है।




## सपा को बड़ा झटका, राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने दिया इस्तीफा, कांग्रेस में हो सकते हैं शामिल

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। कद्दावर नेता रवि प्रकाश वर्मा ने शुक्रवार को सपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफा देने का कारण लखीमपुर खीरी में सपा की आंतरिक गतिविधियों को बताया। चर्चा है कि रवि वर्मा अब कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। उधर, कांग्रेस प्रदेश कमेटी ने उनको पार्टी में शामिल कराने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। लखीमपुर खीरी के गोला निवासी रवि प्रकाश वर्मा खीरी संसदीय सीट से दो बार सांसद और एक बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं।

## मध्य प्रदेश के चुनावी मौसम में एक्टिव हुए नक्सली, पुलिस का मुखबिर होने के शक में मार दी गोली

**भोपाल।** विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटे मध्य प्रदेश में एक तरफ राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार अपनी चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं तो वहीं जनता उम्मीदवारों को टटोलने में लगी है, ताकि लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लिया जा सके. वहीं चुनावों के ऐलान के बाद सूबे में नक्सली भी सक्रिय हो गए हैं. मध्य प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाके में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है. जानकारी के मुताबिक बालाघाट में नक्सलियों ने एक गांव वाले को इसलिए गोली मार दी, क्योंकि उन्हें उस पर पुलिस का मुखबिर होने का संदेह था.



ये मामला बालाघाट के लांजी थाने के भक्कूटोला गांव का बताया जा रहा है. यहां नक्सलियों ने शंकरलाल पंद्रे नाम के शख्स को गोली मार कर उसकी हत्या कर दी. शंकरलाल पंद्रे की हत्या करने के बाद नक्सलियों ने उसके शव को गांव में स्कूल चौके के पास लाकर फेंक दिया. नक्सलियों ने गुरुवार रात इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद स्कूल की दीवार पर एक संदेश भी चिपकाया. जिसमें गांव वालों को पुलिस का मुखबिर बनकर अपनी जिंदगी बर्बाद न करने की धमकी दी गई और उन्हें चेतावनी दी गई कि अगर किसी और ने पुलिस को जानकारी दी तो उसके साथ भी यही किया जाएगा.

जीआरबी डिविजन कमेटी के नाम से चस्पा किए गए पत्र में धमकी भरे लहजे में लिखा गया है कि पुलिस मुखबिरी करने वाले को वो मृत्युदंड दिया जाएगा और उसके परिवार को भी क्षेत्र से बेदखल कर दिया जाएगा. इस पत्र में धमकी देते हुए कहा गया है कि अगर किसी और ने भी पुलिस की मुखबिरी की तो उसके साथ भी यही हाल किया जाएगा जो शंकरलाल पंद्रे के साथ किया गया. गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है और सूबे में चुनावी प्रक्रियाओं का दौर जारी है।

फार्म हाउस के मालिक बनें
मात्र 51000/- की
बुकिंग राशि में
हमारे पूर्ण विकसित प्रोजेक्ट
DREAMLAND FARM
कोलार रोड़ में बुक करें और
तुरंत पजेशन प्राप्त करें।
ऑफर मात्र नवरात्रि तक
सम्पर्क -7470487994

# भगत कंवरराम मानवता के मसीहा व महान संत थेः -रीझवानी



**संत हिरदाराम नगर।** सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा इस वर्ष भी अमर शहीद भगत कंवरराम साहिब का 84वां शहादत दिवस पूर्ण श्रद्धा से मनाया गया। मुख्य मार्ग स्थित भगत कंवरराम साहिब की प्रतिमा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने भगत कंवरराम साहिब के शहादत दिवस पर प्रकाश डाला। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने अमर शहीद भगत कंवरराम को दीन दुखियों के दाता, परोपकारी, धर्मवीर व कर्मवीर, मधुर स्वरं के धनी, देश भक्त, कल्याणकारी, महान संत एवं मानवता के मसीहा बताते हुए यह भी बताया कि उन्हे ईश्वर की शक्ति भी प्राप्त थी। भगत साहिब जिसे आशीर्वाद देते थे उनकी मनोकामना पूर्ण होती थी। रीझवानी ने भगत कंवरराम की शहीदी पर दुःखदाई घटना का भी विवरण देकर, असहनीय दुःख प्रकट किया। पुष्पांजली सभा में राज मनवानी, नंद कुमार दादलानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, वासदेव रामचंदानी, ठाकुर दास मनवानी, राम सबनानी, धर्मप्रकाश समतानी, ईश्वरलाल मनवानी, रामकुमार पारदासानी, दयाल दोलतानी सहित कई उपस्थित थे।

# गोवंश में एफएमडी की बढ़ती बीमारी को लेकर चलाया जा रहा अभियान

**संत हिरदाराम नगर।** श्री राधा कृष्णा गौ सेवा संवर्धन सोसायटी द्वारा वर्तमान में गोवंश में हो रहे एफएमडी मुंहपका खुरपका का उपचार किया जा रहा है। गौवंश में अत्यधिक यह बीमारी की शिकायत आ रही है। वर्तमान में यह समस्या को बढ़ते देख समिति द्वारा गोपालकों से वैक्सीन लगवाने का निवेदन किया जा रहा है। यह बीमारी और ना बड़े, इसके लिए वैक्सीन लगवाने का अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सोसायटी कार्यकर्ताओं द्वारा गोपालको से घर-घर जाकर निवेदन किया जाएगा। सोसायटी कार्यकर्ताओं द्वारा लावारिस गोवंश को वैक्सीन लगाने का भी अभियान चलाया जाएगा। सोसायटी के जीतू कटारिया ने पशु चिकित्सालय से भी मांग की है कि वह यह अभियान चलाकर गोवंश में इस समस्या के कमी आने में सहायता करे। उन्होंने बताया कि यह बीमारी हर साल ठंड में आती है और इसकी वैक्सीन लगाने का काम पशु चिकित्सालय का रहता है लेकिन लगभग अभियान ठीक से चला नहीं है इसलिए यह दिक्कत अभी बढ़ रही है।

# गलत ढंग से बैठ या लेटकर मोबाइल देखने से बढ़ रही मासपेशियों की बीमारी



**संत हिरदाराम नगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित दस दिवसीय शिविर में फिजियोथेरेपी विभाग अध्यक्ष डॉ. नीरज श्रीवास्तव द्वारा दैनिक दिनचर्यो में होने वाली जोड़ों तथा मासपेशियों से संबंधित समस्याओं व उनके निवारण के बारे में व्याख्यान सत्र दिया गया। इस सत्र में डॉ. नीरज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आज के समय में ज्यादातर लोगों को गर्दन, कंधे, कमर, घुटने की समस्या होती है। इनमें से ज्यादातर समस्या हमारे गलत ढंग से उठने, बैठने और लेटने आदि तथा शरीर के वजन की वजह से होती हैं। उन्होंने बताया कि लेटकर टीवी या मोबाइल देखना, ऊंचा तकिया लगाना या लंबे समय तक झुक कर बैठना यह कुछ महत्वपूर्ण कारण होते हैं जो शरीर के जोड़ो और मांसपेशियों में समस्या उत्पन्न करते हैं। उन्होंने बताया की किस तरह हम खानपान में संयम, दैनिक व्यायाम और शरीर के पोस्चर को ध्यान में रखकर इन समस्याओं से बच सकते हैं।

# विद्युत लोको शेड में निकाली गई सतर्कता जागरूकता साइकल रैली

**भोपाल ।** भोपाल मण्डल पर 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। थीम पर मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत गरुवार को विद्युत लोको शेड इटारसी द्वारा सतर्कता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में शेड के कर्मचारियों द्वारा सतर्कता से संबंधित स्लोगन अपनी साइकिल पर लगाए गए थे।इस साईकल रैली के माध्यम से सभी को अपने कामों को पूर्ण ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ करने, भ्रष्टाचार का विरोध करने, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने के प्रति जागरूक किया गया।

# संत नगर में भाजपा के मंडल चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

## हर कार्यकर्ता रामेश्वर बनकर चुनाव मैदान में हैः रामेश्वर शर्मा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



हुजूर विधानसभा से प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का जोरों-शोरों से चुनाव प्रचार जारी है। रामेश्वर शर्मा हुजूर के कई क्षेत्रों में रोजाना जनसंपर्क कर रहे हैं। इसके अलावा हुजूर के कार्यकर्ता भी रामेश्वर शर्मा के समर्थन में रोजाना बूथ स्तर पर घर-घर जाकर नागरिकों से भाजपा के समर्थन में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौर के बीच गुरुवार को रामेश्वर शर्मा ने संत हिरदाराम नगर के चंचल चौराहे पर मंडल स्तर भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - हुजूर में इस बार का चुनाव ऐतिहासिक होने वाला है। हर कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ धरातल पर भाजपा की विजय के संकल्प के साथ जुटा है। हर कार्यकर्ता गांव, गली, मुहल्लों में द्वार-द्वार जाकर, कुंडी खड़खड़ाकर नागरिकजनों के सामने भाजपा का रिपोर्ट कार्ड रख रहा है। जिसके चलते हर स्थान पर हमें अपार समर्थन मिल रहा है। मैंने अपने कार्यकाल में जनकल्याण व क्षेत्रीय विकास का हर काम कराया है। मैंने नाली, सड़क से लेकर सिक्स लेन और फ्लाईओवर तक की सौगात दीं ताकि हुजूर का नागरिक गर्व से कह सके कि हमने कोई नेता नहीं बल्कि हुजूर के बेटे रामेश्वर को सेवक के रूप में चुना था। जिसने सेवा का संकल्प निभाते हुए क्षेत्रीय प्रगति से नागरिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने आगे कहा कि - हुजूर से केवल रामेश्वर शर्मा चुनाव नहीं लड़ रहा है, हुजूर का एक-एक परिवारजन रामेश्वर बनकर चुनाव लड़ रहा है। इसलिए हर नागरिक स्वयं की विजय के लिए भाजपा को जिताने के लिए उत्साहित है।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर सर्वश्री विष्णु गेहानी, कर्नल नारायण पारवानी, महेश दयारमानी, डॉक्टर धर्मेंद्र, सुशील वासवानी, वासुदेव वाधवानी, ईश्वरलाल हिमथानी, मूलचंद विधानी, रमेश जनयानी, राम श्रीचंदनानी, जवाहर मूलचंदानी, नवरंग धाकड, भगवान सिंह मेवाड़ा, अमरलाल वैध, ओमकार माँझी, चंदू भैया, केशव लेखवानी, हरीश मूलानी, बसंत चेलानी, माखन राजपूत, राजेश हिंगोरानी, कमल विधानी, राम बंसल, राहुल राजपूत, संजय प्रेमचंदानी, नरेश तोलानी, राजू सुखवानी, मुकेश ग्वालानी, सोनू रायचंदानी, मुकेश साँकला, बबलू चावला, भारत धनवानी, दिनेश वाधवानी, भारती मूलचंदानी, रामू केवट, मनोज शेर बग्गन, दिलीप दिनानी, किशन अच्छानी, महेश खटवानी, विकास मारण, हिम्मत पटेल, शेट्टी चन्दनानी, जगदीश आसवानी, सूरज यादव, लवीन मनसूखानी, अमित बिनवानी सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डबल इंजन की भाजपा सरकार मप्र में जनता फिर से बनाना चाहती है: विश्वास सारंग



**भोपाल।** नरेला से भाजपा के उम्मीदवार विश्वास सारंग का धुंआधार जनसम्पर्क लगातार जारी है. पहले फेज में सभी 17 वार्डों में घर-घर जनसंपर्क के बाद सारंग ने दूसरे फेज का जनसंपर्क भी शुरू कर दिया है. दूसरे फेज में सारंग सभी वार्डों के उन इलाकों में जनसंपर्क कर रहे है जो पहले फेज में छूट गए थे. गुरूवार को उन्होंने वार्ड क्रमांक 76 और 37 में जनसंपर्क किया.

इस दौरान सारंग ने कहा, नरेला में हमारा जनसंपर्क 2.0 की शुरुआत हुई है. एक बार हम सभी वार्डों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर चुके हैं, अब हमारा दूसरा राउंड शुरू हुआ है. भाजपा के पक्ष में जबरदस्त रिस्पॉन्स है. विकास को लेकर जनता में स्वीकारिता है. मोदी जी की डबल इंजन की सरकार मध्य प्रदेश में जनता फिर से बनाना चाहती है. जनता का पूरा समर्थन है, नरेला में फिर एक बार प्रचंड बहुमत से कमल खिलने वाला है.

जनसंपर्क के दौरान विश्वास सारंग को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है. सुबह के जनसंपर्क की शुरुआत सारंग ने वार्ड क्रमांक 76 से की. अपने जनसंपर्क के दौरान जिस गली से निकले वहां के घरों की छतों से रहवासी उन पर फूलों की बारिश की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई अपने घरों से निकल कर उनके स्वागत के लिए खड़े हो गए. महिलाओं ने उनकी आरती उतरती और तिलक लगाया. रहवासियों ने उनका जम कर ढ़ोल-ढामाकों के साथ स्वागत किया और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया. इस दौरान उन्होंने सभी बुजुर्गों के पैर छू कर जीत का आशीर्वाद लिया.

दिन का दूसरा जनसंपर्क विश्वास सारंग ने वार्ड क्रमांक 37 में किया. इस दौरान रहवासियों ने भव्य तरीके से उनका स्वागत किया. सैकड़ो की संख्या में लोग का कालीफा उनके पीछे-पीछे चकता रहा. महिलाओं ने अपने-अपने घरों से निकल कर उन पर फूल बरसाए और आरती उतार कर तिलक लगाया. सभी ने अपने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए उनका धन्यवाद दिया और प्रचंड मतों से जीत दिलाने का भरोसा जाताया। वार्ड 76 का जनसंपर्क सत्यज्ञान नगर कॉलोनी से शुरु हुआ, जो शंकर नगर मेन रोड होते हुए समस्त गलियां, उड़िया बस्ती की समस्त गलियां, नई बस्ती शंकर नगर, चांदवाड़ी, न्यू सुंदर नगर पानी की टंकी से शंकर जी का मंदिर (चांदवाड़ी), सभ्या त्रिपाठी जी के घर के सामने से राजेश, श्रीवास की गली - नगर निगम कॉलोनी की छोटी गलों में प्रवेश करते हुए, नगर निगम कॉलोनी की मुख्य सड़क से बाहर निकलते हुए टिम्बर मार्केट पर समाप्त हुआ. वार्ड 37 का जनसंपर्क सेमरा मंडी से प्रारंभ हुआ, जो बापू कॉलोनी विजय नगर, सेमरा गली नं. 10, 11, 12, सेमरा गली नं. 09, 08, 07, 06, राजवीर कॉलोनी, प्रताप गुर्जर जी वाली गली दुर्गा नगर से होते हुए राजेंद्र नगर हनुमान मंदिर पर समाप्त हुआ।

# नवजीवन सेवा समिति ने दिव्यांग बच्चों को वितरित किए उपहार और पटाखे



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

दिव्यांग बच्चों के स्कूल स्पर्श भवन में नवजीवन सेवा समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल और नवनीत अग्रवाल ने दीपावली पूर्व बच्चे उत्साह पूर्वक त्यौहार मनाए इस उद्देश्य से सभी बच्चों और शिक्षकों को दीप मिठाइयां और पटाखे वितरित किए। संस्था के भगवानदास ढालिया ने बताया कि संस्था सभी प्रमुख त्यौहारो पर बच्चों को उपहार और त्योहार से संबंधित सामग्री वितरित करती है कार्यक्रम में तरंग अग्रवाल ऋषिका दिवाकर हनीष माधवनी राजीव दिवाकर,और समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित थे



भोपाल। गोविंदपुरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर का चुनावी जन सम्पर्क के दौरान उमा विहार कॉलोनी में स्वागत किया गया।

# ध्रुवनारायण सिंह ने अरेरा मंडल के वार्ड 48, 50 में कार्यकर्ताओं के साथ किया जनसंपर्क



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्य विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने शाम को भाजपा अरेरा मंडल के अंतर्गत वार्ड-48,50 के पटेल आटा चक्की से शुरू किया जनसंपर्क जो भाजपा अरेरा मंडल अध्यक्ष मुकुल लोखंडे के नेतृत्व में अरेरा मंडल के वार्ड-48,50 के विभिन्न क्षेत्रों के अनेकों स्थानों पर जनसंपर्क किया। वार्ड-48,50 के अनेकों जगह पर महिलाओं व बुजुर्गों ने विजयश्री का आशीर्वाद देकर स्वागत किया। साथ ही जगह-जगह पर समर्थकों ने श्री ध्रुवनारायण सिंह का फलों से किया तुलादान, फूलों की मालाओं से टीका लगाकर आरतियाँ उतार कर भारी से भारी मतों से विजय दिलाने का आशीर्वाद दिया।

जनसंपर्क में अलग अलग मोहल्लों की लाडली बहना योजनाओं की लाभार्थी बहनें महिलाएं भी शिवराज भैया जी जिंदाबाद के नारों के साथ श्री ध्रुवनारायण सिंह के समर्थन में सभी लाडली बहनों ने शामिल होकर जनसंपर्क अभियान में घर-घर जाकर लाडली बहनाओं की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया शिवराज फिर से मुख्यमंत्री बने के नारों के साथ भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह को विजय दिलाने के लिए अपने अपने मोहल्लों में बढ़ चढ़ कर प्रचार प्रसार कर रही हैं। आज का जनसंपर्क शुभारंभ वार्ड 48 से हुआ और पटेल आटा चक्की शाहपुरा गाँव,राहुल नगर बस्ती,ग्वाला मोहल्ला,स्टर्लिंग,गोपाल आटा चक्की,लवडेल स्कूल भरत नगर,सब्जी फार्म,गुलाब नगर बस्ती,लक्ष्मण नगर बस्ती,जिन्न नगर बस्ती,सरस्वती नगर फेस-1,2बस्ती,बसंत कुंज सोसाईटी,रेलवे कॉलोनी पर समापन हुआ।

## हरदा भाजपा को बड़ा झटका




**हरदा।** के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रहे सुरेन्द्र जैन ने कांग्रेस हाथ थाम लिया है इसी के साथ मुस्लिम समाज का बडा चेहरा यामाहा खान उर्फ छोटे बाबा फरहस सराय के अध्यक्ष ने अपने सथियो सहित कांग्रेस का हाथ थामा लिया। मानपुर से शकील खान खलील कुरैशी साजिद चौहान मो.युनुस आदि ने कांग्रेस का हाथ थाम हरदा कांग्रेस कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया।

# आम आदमी पार्टी प्रत्याशी परमार ने किया जनसंपर्क



**भोपाल।** गोविंदपुरा विधानसभा में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सज्जन सिंह परमार ने जनसंपर्क किया प्रारंभ जिसमें जनसंपर्क की शुरुआत नरेला शंकरी अयोध्या बायपास निजामुद्दीन कॉलोनी जेके रोड पिपलानी क्षेत्र में जनसंपर्क किया सज्जन सिंह परमार ने बताया कि जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य और हमारी पार्टी जनता और गरीबों की लड़ाई लड़नी है मैं जनता के पास जा रहा हूं तो जनता से एक ही वादा कर रहा हूं कि बस एक बार आप आम आदमी पार्टी को मौका दें उसके बाद आपको हमारे पास नहीं हम आपके पास खुद आएंगे और आपकी समस्याओं का निराकरण करेंगे जो भी समस्याएं होंगी उनकी लड़ाई हमेशा लड़ी जाएगी और लड़ाई के साथ प्रशासनिक लड़ाई हो या उनका कोई भी प्रशासन एवं सरकार से जो भी उनकी बात होगी हम प्रशासन तक एवं सरकार तक पहुंचाएंगे हमारे केजरीवाल जी की सारी योजनाओं का फायदा हम हमारे विधानसभा में जनता को दिलाएंगे और जनता की हक की लड़ाई लड़ेंगे जनता का कहना है कि हमें गोविंदपुरा विधानसभा में विकास चाहिए जो कि आज तक विकास कार्य नहीं हो पाया और हमारी अगर पार्टी की सरकार बनती है तो हम मध्य प्रदेश में दिल्ली पंजाब की तरह मध्य प्रदेश में भी जनता को हर सरकारी योजनाओं का फायदा देंगे जिसमें केजरीवाल जी की जो योजनाएं हैं उनका लाभ भी दिलाएंगे यदि मुझे जनता विधायक के रूप में चुनती है तोऔर मेरा मानना है कि गोविंदपुरा विधानसभा में विगत कई सालों से कोई विकास कार्य नहीं हुआ समस्याओं का भार है जनता परेशान है जनता इस बार परिवर्तन चाहती है और जनता की हर समस्या की लड़ाई लड़ेंगे।

# मतदान महादान अभियान शुरू करेगा कर्मचारी मंच

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

चुनाव वर्ष 2023 में 100त्न कर्मचारी संवर्ग एवं उनके परिवार को मतदान करने के लिए मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच 5 नवंबर 2023 से पूरे प्रदेश के 53 जिलों में मतदान महादान अभियान शुरू करेगा भोपाल में यह मतदान महादान अभियान तुलसी नगर शिवाजी नगर 74 बंगला सहित समस्त कर्मचारी कॉलोनी में चलाया जाएगा। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि प्रदेश में 10 लाख कर्मचारी संवर्ग मतदान का अधिकार रखता है लेकिन चुनावी ड्यूटी एवं अन्य कार्यों में व्यस्त होने के कारण कर्मचारी संवर्ग 50त्न भी मतदान नहीं करता है कर्मचारियों की चुनावी ड्यूटी के कारण उनके परिवार के सदस्य भी मतदान से वंचित रह जाते हैं मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने इस बार संकल्प लिया है कर्मचारी मंच कर्मचारी मतदान महादान अभियान के तहत अपील करेगा कि चुनाव में कर्मचारी वर्ग एवं उसके परिवार सदस्य शत प्रतिशत करे कर्मचारी हितैषी सरकार बनाएं कर्मचारी खुद भी वोट करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी वोट करने के लिए प्रेरित करें चुनाव आयोग द्वारा कर्मचारियों के मतदान की जो प्रक्रिया निर्धारित की गई है उसके तहत ही मतदान करें मतदान लोकतंत्र में जरूरी है लोकतंत्र में दिए गए अधिकार का प्रयोग कर्मचारी संवर्ग ज्यादा से ज्यादा संख्या में करके वर्ष 2023 चुनाव में कर्मचारी हितैषी सरकार बनाकर अपनी मांगों एवं समस्याओं की निराकरण की दिशा का मार्ग प्रशस्त करें वर्तमान में 10 लाख कर्मचारी एवं उनके परिवार के पांच सदस्य की संख्या जोड़ दी जाए तो प्रदेश में 60 लाख मतदाता कर्मचारी संवर्ग हैं इस बार यह मतदान कर्मचारी हितैषी सरकार के लिए होगा पूरे प्रदेश के 53 जिलों का कर्मचारी कर्मचारी हितैषी सरकार बनाने के लिए संकल्प ले चुका है।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, अवैध शराब जप्त

भोपाल । कलेक्टर आशीष सिंह निर्देशन में विधानसभा चुनाव - 2023 के मद्देनजर अवैध मदिरा के उत्पादन, संग्रह, विक्रय, परिवहन पर कार्यवाही में सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल दीपम रायचूरा के मार्गदर्शन में आबकारी कन्ट्रोलर राजेन्द जैन के नेतृत्व में जिला आबकारी बल ने गुरुवार को मुगालिया कोट, सूखीसेवनिया, बालमपुर घाटी, खेरियाई टपरा, प्रेमपुरा, अमोनी भदभदा में दविश देकर पठार पर,नाला किनारे,झाड़ियों, जमीन में गड़े, पेड़ों पर टँगे कुप्पों/ड्रमों से 634 ली, हाथभट्टी मदिरा व 6055 किलो लाहन बरामद कर आरोपी ज्योति बाई पति पिंटू नि. कोट मुगालिया, राजू बाई पति कल्लू नि गरमोरा,बानी पति मौर्य सिंह नि. खेरियाई टपरा सहित म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत कुल 19 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया है।

# कांग्रेस ने परिवारवाद और तुष्टिकरण को आगे बढ़ाया : प्रहलाद पटेल

### केन्द्रीय मंत्री ने अशोकनगर, मुंगावली और दतिया में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा




**अशोकनगर/ दतिया।** कांग्रेस के तीन ही अवगुण हैं और गुणों की बात करें तो एक भी गुण नहीं है, जिसकी वजह से कांग्रेस को वोट दिया जाए। कांग्रेस ने सदैव भय, भ्रम और लालच देकर सत्ता पाई है और अभी भी अपनी उसी पैंतरे पर कायम है, लेकिन जनता की जागरूकता ने कांग्रेस को उसकी असली हैसियत पर लाकर खड़ा कर दिया। ये भाजपा का ही सामर्थ्य है कि सत्ता न होते हुये भी सदा देश के विकास और विरासत के संरक्षण का सपना देखा मगर कांग्रेस ने सत्ता हाथ में होते हुये भी परिवारवाद और तुष्टिकरण को आगे बढ़ाया। यह बात केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने अशोकनगर जिले की चंदेरी और मुंगावली एवं दतिया विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वे भाजपा के लिए वोट मांगने नहीं आए हैं, बल्कि वे नारी शक्ति के सम्मान और विरासत के संरक्षण के महाभियान को आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। दतिया में आयोजित जनसभा को प्रदेश के गृह मंत्री एवं पार्टी प्रत्याशी डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भी संबोधित किया।

पटेल ने कहा कि ये सोचना सही नहीं है कि एक विधायक के हार जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। दरअसल विधायक राज्यसभा सांसदों को चुनते हैं, जो सरकार के जनहितैषी विधेयकों को पास करने के लिये जरूरी होते हैं। इसलिए वोट करें और भाजपा के कमल निशान को ही वोट दें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी लालच देकर या सपने दिखाकर वोट नहीं मांगे। भाजपा ने करके दिखाया है और फिर दावा किया है कि उन्हें फिर मौका दिया जाए ताकि देश हित के कार्यों का सिलसिला रुकने न पाए। श्री पटेल ने कहा कि देश के विरोधी जिस तरीके से जातियों की बात फैला रहे हैं, वो सिर्फ भ्रम है। हिन्दुस्तान में प्रत्येक जाति को सदैव सम्मान मिला है, लेकिन चुनाव जीतने के लिये विरोधी किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। हम सबको इनके षडयंत्र से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बताएं कि मध्यप्रदेश में उन्होंने किस पिछड़ी जाति वाले को मुख्यमंत्री बना दिया। भाजपा ने सुश्री उमा भारती, स्व. बाबूलाल गौर और श्री शिवराजसिंह चौहान के रूप में तीन मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग के दिए।

केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंक और अत्याचार से है। उन्होंने कहा कि दानवों को हराने के लिए महादानव नहीं बनना चाहिए, बल्कि शक्ति बनना चाहिए। ऐसी शक्ति जो न डरे और न डराए। भाजपा ने इस देश में ऐसी ही शक्ति का प्रादुर्भाव किया है। हम वो हैं,जो मृत्यु के सामने भी अपने चरित्र को जीवित रखते हैं और हर हाल मे अपने सिद्धांतों की रक्षा करते हैं।

#### भाजपा में नेता जमीन से आते हैं, कांग्रेस में पैराशूट से

पटेल ने दतिया के ग्राम बसाई में प्रदेश के गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा में नेता जमीन से आते हैं, कांग्रेस में पैराशूट से इसलिए हमारे पास आने वाले 25 सालों का रोडमैप तैयार है,लेकिन कांग्रेस के पास कुछ नहीं है। श्री पटेल ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री जी जब से प्रधानमंत्री की कुर बैठे हैं तब से बम धमाकों की गूंज समाप्त हो गयी और देश में विकास और विरासत की गूंज सुनाई दे रही है।

#### भाजपा सरकार में हुआ विकास ही विकास

प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्म मिश्रा ने दतिया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2003 के पहले प्रदेश बीमारू राज्य कहलाता था। भाजपा सरकार आने के बाद विकास के ऐसे काम किए जो आज विकसित राज्य बन गया। क्षेत्र के विकास में डबल इंजन की सरकार पूरी शिद्दत के साथ जुटी हुई है। कांग्रेस के शासनकाल में भय था, लेकिन भाजपा ने 20 सालों में भय को समाप्त कर दिया। दतिया से लेकर पूरे प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास किया गया।

# कांग्रेसी सत्ता और कुर्सी की लालच में लड़ रहे : सिंधिया



### सुरखी से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में जैसीनगर में की जनसभा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

यहां भारत सरकार का कोई मंत्री नहीं, बल्कि आपके परिवार का सदस्य आया है। आप जो इतनी बड़ी संख्या में यहां मौजूद हैं, यह कांग्रेसियों के लिए भले ही चुनावी जनता होगी, लेकिन मेरे लिए मेरा परिवार है। वैसे भी सुरखी और जैसीनगर से मेरा हृदय का रिश्ता है। पारिवारिक और भावनात्मक संबंध हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सिंधिया परिवार जिससे भावनात्मक संबंध जोड़ लेता है, उससे खून की आखिरी बूंद तक संबंध को निभाता है। सुरखी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत भी ऐसे ही हैं, भावनात्मक संबंध के साथ आपसे जुड़े हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ही प्रत्याशी नहीं है, बल्कि जन-जन के प्रत्याशी हैं द्य यह बात केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुरूवार को भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में जैसीनगर की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरी आजी अम्मा जी विजया राजे सिंधिया सागर जिले की बेटी है। इस माटी से मेरे पूज्य पिताजी माधवराव सिंधिया का भी गहरा नाता रहा है। जब तक मेरे पूज्य पिताजी रहे। तब तक वे जनता के साथ विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे। आप भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को आगे देखना चाहते हैं तो भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल के निशान पर मोहर लगाकर भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत को भारी मतों से विजयी बनाएं।

आपको कोई भी परेशानी हो तो गोविंद सिंह राजपूत आपकी सेवा के लिए तत्पर मौजूद रहेंगे। उनके साथ आपकी हर संकट की घड़ी में सिंधिया परिवार का मुखिया आपके साथ खड़ा है। गोविंद सिंह राजपूत आपका है और जिंदगी भर आपका ही रहेगा। यह वे गोविंद हैं, जिन्हें में बरसों से जानता हूं। मेरे पूज्य पिता के साथ भी ये कंधे से कंधा मिलाकर चला करते थे। ये तब नौजवान थे और आज भी नौजवान ही है। यह वे गोविंद हैं, जो मिट जाएंगे, लेकिन आपके सम्मान से खड़े रहेंगे। इन्होंने ही किसी शिल्पकार की तरह आपकी सुरखी विधानसभा को परिवर्तित कर दिया है।

# पंकज पाठक की पुस्तक का माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में विमोचन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय माखनपुरम में वरिष्ठ पत्रकार, कवि एवं लेखक पंकज पाठक की पुस्तक मदनमोहन जोशी की पत्रकारिता का सौंदर्यशास्त्र का विमोचन कुलपति प्रो. के. जी. सुरेश, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, प्रो. शिवकुमार विवेक एवं जोशी जी की पत्नी श्रीमती आशा जोशी ने किया ।महेश श्रीवास्तव ने कहा कि जोशी जी की पत्रकारिता तन से, मन से एवं लेखन से बहुत ही सुंदर थी। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि पत्रकारिता करने के लिए उन्हें भाषा पर विशेष जोर देना चाहिए । कुलपति प्रो. सुरेश ने पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार पंकज पाठक को पुस्तक लेखन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के पीढ़ी को इतिहास बोध हो इसलिए हम पुस्तकों का प्रकाशन करते हैं । पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन प्रकाशन विभाग द्वारा, रोजगार सृजन केंद्र कार्यक्रम का आयोजन प्लेसमेंट एवं एंटरप्रेन्योरशिप सेल द्वारा किया गया। पंकज पाठक ने कहा कि यह पुस्तक पत्रकारिता के छात्रों और शोधार्थियों के लिए बहुमूल्य होगी ।कार्यक्रम में पद्मश्री विभूषित ध्रुपद गायक उमाकांत गुंदेचा, अंतरराष्ट्रीय ख्याति के पखावज वादक अखिलेश गुंदेचा, प्रख्यात लेखक और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी डॉ. जवाहर कर्नावट, पूर्व पुलिस महानिदेशक मैथिलीशरण गुप्त, और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की संगठक रचना दीदी और वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मां कालिका बिजासन देवी दरबार न्यास ने हजारों महिलाओं को साड़ी वितरण की

**भोपाल।** तेरा तुझको अर्पण क्या लगे मेरा इस गाने को सही में चरित्र करके बताया है शिव यादव ने। हम आपको बता दे ऐसा वक्त हमने कभी पहले नहीं देखा ना ऐसा समाज सेवी देखा बिना लोभ लालच के हजारों बहना को वितरण की साड़ियां श्री मां कालिका बिजासन देवी दरबार न्यास चुना भट्टी कोलार रोड भोपाल द्वारा। सुहाग साड़ी वितरण एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें हजारों बहनाओं को साड़ी एवं सुहाग की सामग्री वितरण की संस्थापक शिव यादव ने बताया कि माता रानी पर जो भी श्रद्धालु साड़ी एवं सुहाग सामग्री अर्पित करता है वह सामग्री हम एकत्रित करके उन बहनों को बांट देते हैं जिनका अधिकार है प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हजारों की संख्या में साड़ी एवं सुहाग की सामग्री वितरण की।



# आठ बच्चों से हुई थी आनंद विहार स्कूल की शुरुआत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर अतीत के झरोखें के झरोखे से झांकते हुए उस दौर कों याद करते हुए वनिता समाज की स्थापना के प्रसंग को वनिता समाज की सदस्यों ने अपने अनुभवों से जीवंत किया। भोपाल के राजधानी बनते ही, देश, के विभिन्न हिस्सों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आगमन हुआ ।उनके छोटे बच्चों की शिक्षा के लिए नर्सरी स्कूलों की अनुपलब्धता की समस्याओं को हल करने के लिए कुछ शिक्षित महिलाओं ने समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस पावन पुनीत अभियान की शुरुआत मैं स्वयं वनिता समाज की सदस्याओं ने शिक्षण का भार उठाया। इस प्रकार वनिता समाज की स्थापना की राह बनी। शिक्षा के प्रचार प्रसार की महत्वपूर्ण शुरुआत आठ बच्चों से हुई थी। बच्चों को लाने तथा वापस ले जाने के लिए मात्र दस रुपए माह पर एक आया की व्यवस्था की गई। वनिता समाज की सदस्याओं ने अपने आस पास के परिवेश मैं गरीब सरकारी कर्मचारी वर्ग के बालकों को शिक्षा प्रदान करना. भी शुरू किया। उनके इस सदप्रयास की सराहना और प्रशंसा सर्वत्र होने लगी एवं उनके साथ और सहयोगी जुड़ने लगे। धीरे धीरे कारवां बनता गया और आनंद विहार स्कूल की स्थापना का स्वप्न साकार हुआ। मध्यप्रदेश का मास्टर प्लान जब तैयार हुआ तब स्कूल के लिए व्यवस्थित भूमि प्राप्त हुई। इस महती योजना को साकार करने में मुख्य नगर नियोजक करंजगांवकर की विशेष भूमिका रही। दो कमरों के स्कूल से हुई शुरुआत धीरे धीरे एक वृहद रूप लेती चली गईं । भवन निर्माण के लिए वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा घर घर जाकर चंदा एकत्रित किया गया। आनंद मेले का आयोजन किया गया और वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहयोग भी दिया गया। वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा अपनी पेंशन की राशि भी आनंद विहार स्कूल और कालेज को प्रदान की गई। योगदान अविस्मरणीय है। आज वे सदस्याएं हमारे बीच उपस्थित नहीं हैं पर उनका योगदान अविस्मरणीय है। वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा कमजोर तबके के छात्र छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय आपदा के समय देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग प्रदान करते रहें भी है। आज आनंद विहार परिसर में लगभग 50 छात्र छात्राएं आर.टी.ई. के अन्तर्गत सामान्य छात्रों के साथ अध्ययन कर रहे हैं। प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास के लिए कटिबदूध वनिता समाज दवारा समय समय पर विशेष आयोजन किये जाते हैं।

# एम्स के आयुष विभाग ने हेल्थ कैम्प का आयोजन किया




**भोपाल।** एम्स का आयुष विभाग, संस्थान के कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में 8वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में आज आयुष विभाग ने बागमुगलिया स्थित संत आशाराम नगर फेस-3 में प्रात: 7:30 से 9:30 तक एक नि:शुल्क आयुर्वेद परामर्श एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया ।शिविर में कुल 62 मरीजों की जांच कर आयुर्वेदिक औषधियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर में जोड़ो के दर्द , कमर और गर्दन के दर्द के 27 रोगी , हाई बीपी शुगर के 12 रोगी, पेट एवं लीवर संबंधित 8 रोगी, श्वास कास के 8, अनिद्रा और दुर्बलता के 4 रोगियों को आयुर्वेदिक परामर्श दिया गया। शिविर में आयुष विभाग के डॉ. दानिश जावेद, डॉ. रंजना पाण्डेय, डॉ. तारिक बरकती तथा शंकर लाल वर्मा उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने शिविर के सफल संचालन हेतु संयोजक समिति के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में और भी कैंप लगाने का आश्वासन दिया।

# एम्स की डॉ. भावना शर्मा को मिला द स्टार ऑफ एमपी गोल्ड मेडल




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स के नेत्र रोग विभाग की प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. भावना शर्मा को हाल ही में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य नेत्र रोग सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन में द स्टार ऑफ एमपी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। एमपीएसओएस का 46वाँ वार्षिक सम्मेलन उज्जैन में आयोजित किया गया था। नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. भावना शर्मा के समर्पण और महत्वपूर्ण उपलब्धियों ने उन्हें पहचान दिलाई है। इसके अलावा, डॉ. भावना शर्मा को ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है, जो नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने डॉ. भावना शर्मा को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### एम्स में 80 वर्षीय महिला की हुई गर्भाशय की सर्जरी

एम्स में अन्ना नगर भोपाल निवासी महिला के गर्भाशय का सफल आपरेशन किया गया। यह आपरेशन इसलिए चुनौतीपूर्ण था क्योंकि 80 वर्षीय महिला का दिल बहुत कम कार्य कर रहा था और हृदय की झिल्ली में द्रव भर गया था। पेरिकार्डियल इफ्यूजन के साथ 30 प्रतिशत इजेक्शन फ्रैक्शन जिसकी वजह से मरीज निम्न रक्तचाप की स्थिति में थी। साथ में बड़े आकार के गर्भाशय की गांठ की वजह से पेट की धमनियों पर दबाव बढ़ गया था। मरीज की आयु भी इस आपरेशन को और जटिल बना रही थी। इस सर्जरी में डॉ. के पुष्पलता प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष तथा डॉ. श्वेता पटेल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की टीम ने अहम भूमिका निभाई। मरीज को डॉ. वैशाली वाईदेस्कर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसिया और डॉ.संदीप कुमार के द्वारा निश्चेतना दिया गया और आपरेशन के दौरान हेमोडायनिक अस्थिरता के कारण होने वाली पेचीदगियों को नियंत्रित किया गया।

**आम-सूचना**

क्रमांक 680/राजस्व/भो.वि.प्रा./2023
भोपाल दिनांक 15/09/2023

प्राधिकरण की जमालपुरा योजना में स्थित मकान क्र.-55, ई. डब्लू. एस. श्री दयाराम लालवानी आ. श्री धर्मदास लालवानी के नाम पर आवंटित है। आवंटी का स्वर्गवास दिनांक 12/05/1999 एवं इनकी धर्मपत्नि श्रीमती किरण लालवानी पत्नि श्री दयाराम लालवानी का स्वर्गवास दि. 25/06/2017 हो जाने के कारण इनके वारिसगणों क्रमशः 1-श्रीमती अलका सामतानी पत्नि श्री हरीश सामतानी पुत्री, श्री लोकेश दयाराम लालवानी, श्री सुनील लालवानी, श्री मनोहर लालवानी, श्री चंद्र प्रकाश लालवानी पुत्रगण श्री दयाराम लालवानी के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, अन्य प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति को अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल।

## सम्पादकीय

# सीने में जलन आंखों में तूफान...!



एक गजल की लाइन हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पर आज पूरी तरह खरी उतर रही हैं- सीने में जलन, आंखों में तूफान सा क्यूं है, इस शहर में हर शख्स परेशां से क्यूं है...। जी हां, इस शहर की लाखों जिंदगियां आंखों की जलन और सीने की बीमारियों की कैद में जकड़ रही हैं। जी-20 का सफल आयोजन कर दुनिया में डंका बजाने वाले भारत की राजधानी में आज प्रदूषण का आपातकाल लगा है। विश्व गुरु का सपना देखने वाले देश की राजधानी का हाल देखकर कलेजा मुंह को आ रहा है।

हालात केवल आज के ही नहीं, पिछले तीन सालों की अखबारों और चैनलों की कुछ हेडलाइन देखते हैं। साल 2021। नवंबर का महीना। जगह दिल्ली-एनसीआर। राजधानी में प्रदूषण का आपातकाल एक्यूआई 500 के पार, स्कूल बंद। साल 2022। वही नवंबर का महीना। जगह फिर से दिल्ली-एनसीआर। चैनल, अखबारों की न्यूज की हेडिंग। दिल्ली-एनसीआर में पलूशन की इमरजेंसी। एक्यूआई 500 के पार, स्कूल, बंद सभी कंस्ट्रक्शन के काम रोके गए। साल 2023। साल का 11वां महीना। दिल्ली-एनसीआर के लिए फिर से कोई बदलाव नहीं। नवंबर के पहले महीने में दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का लेवल 600 के पार। फिर प्राइमरी के स्कूल बंद। सूरज की रोशनी धरती पर पहुंचने के लिए मशक्कत कर रही है। हर तरफ धुआं-धुआं। बड़ी उम्र के बच्चों को स्कूल जाना होगा। सिगरेट नहीं पीने वाले भी अगले कुछ दिन सैकड़ों सिगरेट के बराबर धुआं अपने फेफड़ों में भर लेंगे। और सरकार? हां तो उनकी भी सुन लीजिए। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं, सारे कंस्ट्रक्शन के काम रोक दिए जाएंगे। स्कूल बंद कर दिए जाएंगे। बस हो गया काम।

शहर की सांसें फूल रही हैं। लोग मास्क लगाने को मजबूर हैं। कार्यालयों तक में प्रदूषण का लेवल 400-500 के बीच है। हर साल अक्टूबर-नवंबर में राजधानी का यही हाल हो जाता है। दुनियाभर में देश की बेइज्जती होती है सो अलग। दिल्ली के प्रदूषण पर दिल्ली में अमेरिका राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान ने हम सबको शर्मसार किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा था किदिल्ली के मौजूदा दिन लॉस एंजिल्स में बीते उन दिनों की याद दिलाते हैं जब अमेरिका में सबसे प्रदूषित हवा हुआ करती थी। जहां हमें अपने शिक्षकों की तरफ से चेतावनी दी गई थी कि आप बाहर खेलने के लिए नहीं जा सकते हैं ठीक वैसे ही आज मेरी बेटी को उसके शिक्षक ने दी, जब मैंने उसे स्कूल छोड़ा...।

राजधानी दिल्ली की खराब होती हवा के बाद सरकार ऐक्शन में तो आई, लेकिन अब तो देर हो चुकी है। प्रदूषण की मोटी चादर ने दिल्ली-एनसीआर को अपने आगोश में ले रखा है। नीला आसमान को देखने के लिए तो आंखें तरस रही हैं। डॉक्टर घर से बाहर नहीं निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। लेकिन घर से निकलेंगे नहीं तो काम कैसे होगा। तो रास्ता एक ही है, इस जहरीले धुएं को अपने सीने में उतारिए और घुटते रहिए। सरकार बैठकों का आयोजन करती है। बैठक से पहले कहा जाता है कि इस साल पिछले साल की तुलना में हवा में प्रदूषण कम हैं। लेकिन हकीकत ये है कि कई जगह तो हवा में एक्यूआई मापने वाली मशीन काम ही नहीं कर रही है क्योंकि एक्यूआई 500 के ऊपर जाने के बाद वो आंकड़े दे ही नहीं पाती है। यानी राजधानी दिल्ली के कई इलाके में एक्यूआई 500 के ऊपर है। आनंद विहार में तो एक्यूआई 800 के ऊपर जा चुका है।


सबसे पहले तो ये समझिए कि दिल्ली की जो हवा खराब हुई है उसके लिए बेचारी दिल्ली अकेले जिम्मेदार नहीं है। इसके पीछे हरियाणा और पंजाब जैसे राज्य भी बराबर के जिम्मेदार हैं। अक्टूबर-नवंबर के महीने में वहां के किसान खेतों में पराली जलाते हैं। पराली का यही धुआं दिल्ली के आसमान में आकर अटक जाता है। कुछ दिन पहले हरियाणा के सीएम के ओएसडी जवाहर यादव ने दावा किया था कि हरियाणा में पिछले साल की तुलना में पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आप शासित पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं। हरियाणा सरकार ने नासा की तस्वीर जारी कर पंजाब पर ज्यादा पराली जलाने का आरोप लगाया था। यानी आरोप-प्रत्यारोप में उलझ गई है प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या। जिस तरह से पराली जलाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं, उससे तो यही लगता है कि आने वाले वक्त में इस प्रदूषण से निजात मिलने से रही। तबतक राजधानी दिल्ली अपनी बेनूरी पर रोती रहेगी।

सवाल उठता है कि आखिर आम दिल्ली-एनसीआर वालों का कसूर क्या है? आखिर सरकारें पराली जलाने पर सख्ती क्यों नहीं कर रही है। उन्हें ऐसा करने से कौन रोक रहा है? विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि पराली जलाने वाले किसान हैं और वो एक बड़ा वोट बैंक है इसलिए सरकारें किसी तरह के सख्त कदम उठाने से बचती है। पर दिल्ली-एनसीआर वाले जो भुगत रहे हैं उसका क्या होगा? अगले 15 दिन सांस की बीमारी से लेकर आंखों में जलन तक जैसी मुश्किलों से राजधानीवासी जूझेंगे। वैसे भी एक नए अध्ययन में ये साफ हुआ है कि दिल्ली-एनसीआर वालों प्रदूषण के कारण अपनी औसत उम्र कम हो चुका है। यही नहीं, प्रदूषण के कारण डायबिटीज जैसी बीमारियां भी होती हैं। यानी मुश्किलें बड़ी हैं।

सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि हमारी नई पीढ़ी का आखिर क्या दोष है? नन्हे-मुन्नों को क्यों इसकी सजा मिल रही है? जब देखो, स्कूल बंद कर दिए जाते हैं। प्रदूषण के कारण बच्चों का घरों से निकलना बंद हो गया है। उनकी आवाज से गुलजार रहने वाले पार्क अब सूने रहने लगे हैं। ये मासूम हर रोज पूछते हैं कि मां, पापा आखिर हमें घर में बंद क्यों कर रखे हो? अब बेबस और लाचार मां-बाप क्या जवाब दें? क्या विश्व गुरू का डंका ऐसे ही बजेगा? क्या इसका कोई स्थाई इलाज नहीं हो पाएगा? और हां, इसी तर्ज पर देश के तमाम और शहर भी धुएं और अन्य प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। वहां पराली की समस्या नहीं, तो और दूसरी हैं। झीलों और घने जंगलों के लिए मशहूर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल भी उसी कतार में है। यहां के पर्यावरण का कवच भी हम तोड़ते जा रहे हैं। इस शहर के अधिकांश हिस्से को प्रदूषण गिरफ्त में ले चुका है, हम सो रहे हैं। आंखों और फेफड़ों की बढ़ती बीमारियों का कहर बढ़ रहा है। अस्पताल जाकर इतिश्री कर लेते हैं। ज्यादा हुआ तो मौत के आगोश में समा जाते हैं। कोई आवाज नहीं।

# जब बना तब युवाओं को मौके, अब 76 पर पहुंचे

**सरयूसुत मिश्रा**



मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस चुनाव के चलते सबसे ज्यादा प्रभावित दिख रहा है. आचार संहिता ना होती तो राज्य का स्थापना दिवस दिव्य और भव्य तरीके से मनाया जा रहा होता. चुनावी सालों को छोड़कर हर साल राज्य का स्थापना दिवस आत्मबोध के गौरव को स्थापित करने के नए-नए प्रयास करता रहा है. चुनावी आचार संहिता के कारण शासकीय कार्यक्रम तो औपचारिक ही रहा है लेकिन मध्यप्रदेश के भाव और स्वभाव से 'जय मध्यप्रदेश' का गौरव गान फिजाओं में गूंज रहा है.

मध्यप्रदेश अगले पांच साल के लिए अपना राजनीतिक भविष्य तय करने जा रहा है. मध्यप्रदेश आगे तो बढ़ा है लेकिन इस राज्य के भाग्य का 'टेक-ऑफ' अभी होना बाकी है. राज्य के विकास में जन भागीदारी और राज्य सरकारों की भूमिका बराबरी से महत्व रखती है. सरकारी व्यवस्थाएं विकास के पर्यावरण को मजबूत कर सकती हैं तो इसे प्रदूषित करने की जिम्मेदारी भी इसी पर आएगी.

राजनीतिक नेतृत्व किसी भी राज्य की दिशा को सही मार्ग और मंजिल की ओर मोड़ता है. पॉलीटिकल लीडरशिप राज्य में गेमचेंजर ही होती है. मध्यप्रदेश में सामान्यत: राजनीतिक स्थायित्व रहा है. राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ और बगावत के कारण कई बार परिस्थितियों में बदलाव आया है लेकिन थोड़े अंतराल के बाद फिर राज्य की राजनीतिक स्थितियों ने स्थायित्व स्वरूप ही प्राप्त कर लिया.

मध्यप्रदेश का निर्माण चार प्रांतों को मिलाकर किया गया था. यहां जाति-संप्रदाय, भाषा और रहन-सहन के हिसाब से विविधता में एकता का अनुपम उदाहरण रहा है. शांतिप्रिय और सहनशील मध्यप्रदेश में सियासी कट्टरता नहीं रही है. दूसरे राज्य से आए नेता भी इस राज्य में मुख्यमंत्री बने हैं. जो राजनीतिक विकृतियां उत्तर भारत के कई राज्यों में काफी पहले पहुंच गई थीं. उनको मध्यप्रदेश में पहुंचने में काफी समय लगा है. अब तो जाति-संप्रदाय, भाषा और बोली पर विभाजन की सियासत आम हो गई है.

अब मध्यप्रदेश भी तुष्टिकरण का केंद्र बन गया है. शिक्षा-स्वास्थ्य और रोजगार के लिए मध्यप्रदेश के राजनीतिक नेतृत्व को नए सिरे से फ्रेश विचारों पर आगे बढ़ने की जरूरत है. सियासी फ्रेशनेस हमेशा राज्य के लिए कल्याणकारी रही है. मध्यप्रदेश का राजनीतिक इतिहास यही बताता है कि यहां सरकारों का राजनीतिक नेतृत्व युवाओं के हाथ में रहा है. राज्य के गठन के बाद अगर बतौर मुख्यमंत्री लंबे कार्यकाल की बात की जाये तो श्यामा चरण शुक्ल पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने 1969 में 44 साल की उम्र में यह पद संभाला था. उनके नेतृत्व में राज्य में सिंचाई और अधोसंरचना के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व काम हुए थे, उनका आज राज्य को भरपूर लाभ मिल रहा है.

इसके बाद अर्जुन सिंह ऐसे मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने 50 साल की उम्र में पहली बार मुख्यमंत्री का पद ग्रहण किया था. राजनीतिक चढ़ाव की इस अवस्था में विचारों में नयापन और इक्जीक्यूशन की भरपूर क्षमता होती है. कांग्रेस की ओर से लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले तीसरे नेता दिग्विजय सिंह रहे हैं. उन्होंने 46 साल की उम्र में मुख्यमंत्री का पद संभाला था. वह दौर राजनीतिक अस्थिरता के साथ केंद्र और राज्य में अलग-अलग सरकारों का दौर था. राज्य के विकास की दिशा में बिजली-पानी सड़क की व्यवस्थाएं पटरी से उतर गई थीं.

दिग्विजय सरकार के दौर की कई अभिनव नीतियां जो बाद में सफलता के साथ लागू हुई लेकिन उसका लाभ कांग्रेस की सरकार नहीं उठा सकी थी. चाहे सड़कों के निर्माण में बीओटी की योजना हो या पंचायत राज का विकास में योगदान हो, इनकी आधारशिला भले ही दिग्विजय सरकार में रखी गई हों लेकिन इससे बदलाव दूसरी सरकारों ने ही किया है.

मध्यप्रदेश के 68 साल में अधिकांश समय तो कांग्रेस की ही सरकार रही है. साल 2003 के बाद मध्यप्रदेश की राजनीतिक सत्ता पर बीजेपी ने अपना जो कब्जा जमाया है वह कांग्रेस के लिए अब मुसीबत बनता जा रहा है. उमा भारती भी युवा चेहरे के रूप में सरकार में बदलाव लाने में सफल हुई थीं. वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जब पहली बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तब उनकी उम्र 46 साल थी. ऐसे में 15 महीने के लिए बने कांग्रेस के मुख्यमंत्री कमलनाथ राज्य में सबसे उम्रदराज मुख्यमंत्री कहे जा सकते हैं. इस चुनाव में उन्हें ही कांग्रेस द्वारा सीएम फेस बनाया गया है.

जब मध्यप्रदेश बना था तब के दौर में राजनीतिक दलों द्वारा नेतृत्व युवाओं को सौंपने की रणनीति पर काम होता रहा और अब जब राज्य 68 साल का हो गया है तब नेतृत्व के लिए 76 साल के नेता पर दांव लगाया गया है. यह स्थिति भी तब है जब मध्यप्रदेश में युवाओं की आबादी लगभग एक तिहाई है. देश के युवाओं के हिसाब से मध्यप्रदेश का स्थान नवें नंबर पर आता है.

विधानसभा के इस चुनाव में 22 लाख नए मतदाता नामांकित हुए हैं. इन नए मतदाताओं की भूमिका ही राज्य के नए राजनीतिक भाग्य विधाता का निर्धारण करेगी. युवाओं को कम से कम विचारों में नयापन तो चाहिए ही. थकी-मांदी सियासत युवाओं को प्रभावित नहीं कर सकती. चुनाव में दोनों दलों की ओर से मध्यप्रदेश के भविष्य के सपने बेचे जा रहे हैं. सपनों के सौदागरों को ऐतिहासिक हकीकत और हाल से भी जनता को रूबरू कराना चाहिए.

बिजली-पानी सड़क के मामले में आज भी मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर नहीं है. स्थितियां सुधरी होंगी लेकिन इन क्षेत्रों में हुई प्रगति अभी बहुत पीछे है. औद्योगीकरण के मामले में तो मध्यप्रदेश कभी खड़ा ही नहीं हो पाया है. एक दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार बताने से काम नहीं चलेगा. मध्यप्रदेश की पॉलीटिकल लीडरशिप में शायद राज्य के विकास के विजन का अभाव है. अब तो पूरी राजनीति मुफ्तखोरी की योजनाओं से जनादेश हथियाने की तरफ मुड़ गई है. अगर यही दिशा सफल होती रही तो फिर अधोसंरचना के मामले में तो मध्यप्रदेश हमेशा पीछे ही बना रहेगा. जब आर्थिक क्षमता ही नहीं रहेगी तो फिर इस दिशा में आगे कैसे बढ़ा जा सकेगा?

हर नागरिक में 'मध्यप्रदेशी' का बोध पैदा करने की कोशिशों के बावजूद राज्य का कोई एक सूत्र सभी को जोड़ नहीं सका है. सरकारी प्रयासों से बने मध्यप्रदेश गान को राज्य के 'जनमन का गान' बनाने की जरूरत है.

पॉलिटिकल फ्रेशनेस ही मध्यप्रदेश का गेम चेंजर हो सकती है. बुजुर्गों का सम्मान मध्यप्रदेश की विरासत है लेकिन विकास की विरासत का आधार युवा सोच ही रही है. बदलाव का नेतृत्व युवा सोच से ही संभव है. मध्यप्रदेश के इस विधानसभा चुनाव में पहली बार मताधिकार का उपयोग करने वाले युवा मतदाता मध्यप्रदेश के 'सुख का दाता सबके साथी' के भाव को चरितार्थ कर सकेंगे.

# सेल्फ़ी: मौत के नज़दीक

**राकेश दुबे**

ज़्यादा दिन नहीं बीते मध्यप्रदेश में झरने के पास सेल्फी ले रहे एक छात्र की डूबने से मौत हो गई । गोताखोर जान जोखिम में डालकर पूरे देश में लोगों को बचा रहे हैं। सेल्फी के शौकीन खुद तो मर ही रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी मार रहे हैं। ऐसे दर्दनाक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पर्यटक सेल्फी लेते समय असमय ही काल के गाल में समाते जा रहे हैं। देश में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहते हैं, मगर सबक न सीखना लोगों की आदत बन गई है।

सेल्फी जानलेवा साबित हो रही है। सेल्फी की यह खतरनाक प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में झारखंड के देवधर में सेल्फी के चक्कर में बैराज में कार गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। विजय दशमी के मौके पर चलती कार में स्टेयरिंग थाम लिया और सेल्फी लेने लगा। सेल्फी लेने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और पुल की रेलिंग तोड़ते हुए बैराज में गिर गई। गुरुग्राम में सेल्फी लेते समय चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। यह चलती रेल के सामने सेल्फी लेना चाहते थे कि बेमौत मारे गए। देश में यह कोई पहला हादसा नहीं है। हर रोज सेल्फी की वारदातें हो रही हैं। जरा सी असावधानी से सेल्फी घातक सिद्ध हो रही है। देश में सेल्फी के हर रोज ऐसे दर्दनाक हादसों से आत्मा सिहर उठती है कि कुछ लोग जान-बूझकर मौत के आगोश में समाते जा रहे हैं। नदियों के किनारे लोग डूब रहे हैं। खुद ही मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं।



सेल्फी के कारण परिवार के परिवार तबाह हो रहे हैं। केन्द्र सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए। देश के युवा सेल्फी लेते समय इतने अंधे कैसे हो जाते हैं कि अपनी जान जोखिम में खुद डाल देते हैं और असमय ही बेमौत मारे जा रहे हैं। ऐसी त्रासदियां असमय ही घर के चिरागों को बुझा रही हैं। वास्तव में इन मामलों पर संज्ञान लिया जाए, तो यह प्रवृत्ति रुक सकती है।

2020 व 2022 में भी काफी हादसे हुए हैं। 2023 में भी यह संख्या घटने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडू में चलती रेल के सामने सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 19 जून 2021 को फिरोजाबाद में एक दिव्यांग सेल्फी लेते समय पटरी पर गिर गया, तब उसका दोस्त उसे बचाने आया और एकदम से रेल आ गई और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। 16 अक्तूबर 2019 को कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पार्वती नदी के किनारे सेल्फी ले रही दो पर्यटक युवतियां अचानक नदी में बह गई थीं। एक को निकाल लिया गया था, जबकि दूसरी बह गई। सेल्फी लेते समय पांव फिसलने से यह हादसा पेश आया था। ये युवतियां नदी किनारे एक पत्थर पर सेल्फी ले रही थी। ये युवतियां असम व दार्जिलिंग की रहने वाली थी। पर्यटक मनमानी करते हैं। 6 अक्तूबर 2019 को एक मामला तमिलनाडू के मरमपटी के पांबारु बांध में घटित हुआ था जहां सेल्फी लेते समय एक ही परिवार के चार लोगों की पांबारु बांध में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई थी। एक को बचा लिया गया था। परिवार के सब लोग पानी में बह गए थे। केवल मात्र परिवार का एक सदस्य ही बच पाया था। मृतकों में नवविवाहित युगल व उनके सगे संबंधी थे।

देश में 2017 में 98 लोग सेल्फी लेते समय मारे गए। 2011 से 2018 तक 259 लोग मारे गए थे। विदेशी पर्यटकों की मौतें ज्यादा हो रही हैं। कुल्लू-मनाली में सैंकड़ों ऐसे मामले घटित हो चुके हैं। उसके बाद भी इन हादसों में कमी नहीं आ रही है। वर्ष 2018 में भी एक ऐसी ही घटना कुल्लू में घटित हुई थी। मणिकर्ण घाटी में पार्वती नदी के किनारे दिल्ली का एक पर्यटक सेल्फी लेते समय नदी में गिर गया था और पानी के तेज बहाव में बह गया था। उसकी लाश नहीं मिल पाई थी।

सेल्फी के शौकीन खुद तो मर ही रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी मार रहे हैं। ऐसे दर्दनाक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पिछले महीने चलती ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में बंगलुरु के पास तीन युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई थी। यह हादसा बंगलुरु से करीब तीस किलोमीटर दूर बिदादी के पास हुआ था जहां तीन लडके सेल्फी लेने के चक्कर में चलती ट्रेन की चपेट में आ गए थे और बेमौत मारे गए थे। इनकी उम्र अभी 16 से 18 साल के बीच थी। कुछ लोगों ने इन युवाओं को तस्वीरें खींचते देखा था। इनमें दो युवा कालेज के छात्र थे और एक ने पढ़ाई छोड़ दी थी। कुछ समय पहले वर्धा में नदी में विसर्जन के समय गणेश की मूर्ति के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में तीन छात्रों की डूबकर मौत हो गई थी। अब इसे लापरवाही कहें या कुछ और, यह अहम सवाल है कि अपनी ही लापरवाहियों के कारण लोग डूबते जा रहे हैं। देश में घटित हो रहे ऐसे हादसों के लिए प्रशासन व पुलिस भी जिम्मेवार हैं। साथ ही लोगों को भी अब बढ़ते हादसों से सीख लेनी होगी, तभी ऐसे हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है।

# फोन 'हैक' की राजनीति: आक्रामकता की बजाय संयम जरूरी

**ललित गर्ग**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लगातार आक्रामक होने के मध्य में देश के कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं के आईफोन पर निगरानी किये जाने का मामला एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर रहा है। इसे सरकार प्रायोजित बताकर सरकार को घेरने की कोशिशें भी एकाएक उग्र हो गयी है। एप्पल कम्पनी ने इन फोन धारकों को ईमेल सन्देश भेज कर लिखा है कि आपके फोन को किसी 'मालवेयर वायरस' से सरकार द्वारा सर्वेक्षण में रखा जा रहा है जिसके माध्यम से आपकी सारी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। मगर इसके साथ ही सरकार ने ऐसी किसी कार्रवाई से इन्कार करते हुए पूरे मामले की सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्रालय की संसदीय समिति से जांच कराने की घोषणा कर दी है और कहा है कि ऐसा ही एक ई-मेल सन्देश वाणिज्य मन्त्री पीयूष गोयल को भी आया है। फोनों पर निगरानी का आरोप सरकार के लिए भी गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि यह ऐसा मामला है जिसमें सत्ता से बेदखल होने जैसी स्थितियां बनती है। जब तक मामले की पूरी जांच नहीं हो जाती, किसी को भी दोषी ठहराना जल्दीबाजी होगी। पक्ष-विपक्षी दल चुनावी माहौल को धुंधलाने या विवादास्पद बनाने की बजाय उसे स्वस्थ बनाने में सहयोग करें, यह स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी की स्वतंत्रता का हनन लोकतंत्र की पवित्रता को ही समाप्त कर देती है।

निश्चित ही किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की ओर से विपक्षी नेताओं की निजता भंग करने का कोई भी मामला सामने आता है, तो स्वाभाविक ही सरकार को घेरा जाना चाहिए एवं जबाव मांगा जाना चाहिए। लेकिन बिना बुनियाद के ऐसे विवाद खड़े करना उचित नहीं है। अच्छी बात इस मामले में यह है कि सरकार ने इन आरोपों को पूरी गंभीरता से लिया है और तत्परता से निर्णय लेते हुए न केवल पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं बल्कि आईफोन कंपनी से भी जांच में शामिल होने को कहा गया है। सभी पक्षों के लिए जरूरी है कि निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने के बजाय मामले की बारीक और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यह न केवल विपक्षी दलों के नेताओं की निजता से जुड़ा मामला है बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं प्रतिबद्धता का भी मामला है।



हालांकि यह साफ करना भी जरूरी है कि मौजूदा मामले में अभी बात सिर्फ संदेह की है। आईफोन पर ऐपल की ओर से भेजे गए ये मेसेज ऑटो जेनेरेटेड थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कंपनी भी आश्वस्त नहीं है। उसका कहना है कि इनमें से कुछ मेसेज फॉल्स अलार्म के भी हो सकते हैं। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं की आशंकाएं निराधार है या आधारभूत है, यह तो जांच के निष्कर्षों से ही पता लगेगा। मेसेज विपक्षी दलों के नेताओं और कुछ सत्ता विरोधी माने जाने वाले पत्रकारों के ही फोन पर आने का आरोप निराधार है क्योंकि ऐसा ही मेसेज एक केन्द्रीय मंत्री को भी मिला है। सूचना टैक्नोलॉजी क्रान्ति होने के बाद चीजें काफी बदल चुकी हैं अत: आरोपों का स्वरूप भी बदल चुका है। इससे पहले दो वर्ष पूर्व भी देशवासियों ने 'पेगासस' वायरस का पूरा कर्मकांड देखा है जिसकी जांच सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एक विशेष समिति ने की थी। इस मामले को लेकर दो साल पहले संसद में भी जमकर हंगामा हुआ था। लेकिन उसमें आरोप सिद्ध नहीं हो पाये थे। ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा है तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप से बचते हुए सत्य के उजागर होने तक इंजतार करना चाहिए। सरकार की तरफ से यह भी कहा गया है कि वह पूरे प्रकरण की जांच में एप्पल कम्पनी के उच्च पदाधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। इस मामले में मूल सवाल निजी स्वतन्त्रता का उठता है जिसे सर्वोच्च न्यायालय नागरिकों का मूल अधिकार मान चुका है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सभी को लिखने, बोलने, सोचने और करने की स्वतंत्रता होती है।

आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि केंद्रीय ऑनलाइन सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन (भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम) आईफोन 'हैकिंग' प्रयासों के विपक्ष के दावे की जांच करेगी और वही हैकिंग और फ़िशिंग जैसे साइबर सुरक्षा खतरों का जवाब देने के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है। महुआ मोइत्रा, प्रियंका चतुर्वेदी, राघव चड्ढा, शशि थरूर, पवन खेड़ा और सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एप्पल अलर्ट मिला है जिसमें उनके आईफोन में राज्य प्रायोजित हैकिंग की चेतावनी दी गई है। आईफोन निर्माता एप्पल ने मंगलवार को कहा था कि वह विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को भेजे गए चेतावनी संदेश को किसी विशिष्ट सरकार-प्रायोजित सेंधमारों से नहीं जोड़ती और वह इस बारे में जानकारी नहीं दे सकती है कि ऐसी चेतावनियों का कारण क्या है। कारणों का पता तो विस्तृत जांच के बाद ही सामने आयेगा, तब तक पक्ष एवं विपक्ष को शांत रहते हुए विवेक का परिचय देना चाहिए। क्योंकि यह भारत, भारतीय लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के व्यवस्थित संचालन से जुड़ा मामला है। ताजा मामला इसलिये भी बहुत गंभीर है क्योंकि ऐसे मामलों में सत्ताएं बदलती देखी गयी है। इसलिये ऐसे मामलों एवं आरोपों में गंभीरता बरतना जरूरी है।

इस तरह के राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों के निजता भंग के कम उदाहरण ही भारत में देखने को मिले हैं लेकिन जब भी किसी सरकार पर इस प्रकार के आरोप लगे तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी है। सबसे बड़ा उदाहरण 80 के दशक का है जब कर्नाटक की वीरप्पा मोइली सरकार 'टेप कांड' में फंस गई थी तो उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। डा. मनमोहन सिंह सरकार पर भी फोन टेप करने के आरोप लगे थे। पूरी दुनिया का सबसे सशक्त और उदार लोकतन्त्र माने जाने वाले अमेरिका के वाटर गेट कांड में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने अपनी प्रतिद्वन्द्वी डेमोक्रेटिक पार्टी के मुख्यालय पर जासूसी यन्त्र लगा कर उसकी गतिविधियों को जानने की कोशिश की थी। निक्सन भले ही इस मामले पर लम्बी टालमटोल करते रहे हो मगर भारत सरकार ने तो एप्पल फोन कांड का भंडाफोड़ होते ही इसकी जांच कराने की घोषणा कर दूध का दूध, पानी का पानी करने की अपनी संकल्पबद्धता दर्शा दी है। इस हकीकत को भी हमें ध्यान में रखकर ही इस मामले में और टीका-टिप्पणी करनी होगी।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित, निष्पक्ष एवं आदर्श तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने, गतिविधियों को संचालित करने की पूरी स्वतंत्रता है। लोकतंत्र की नींव ही निजता की सुरक्षा करने के सिद्धान्तों पर टिकी है, इस व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक संविधान के दायरे में स्वयंभू होता है। अत: इस मुद्दे पर विपक्षी नेताओं की चिन्ता वाजिब मानी जा सकती है मगर इसके साथ ही सरकार की तरफ से तत्परता से व्यक्त इस मामले में संलिप्त न होने की साफगोई बयान को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यदि सरकार ने इस मामले में तुरन्त कार्रवाई की है तो उसकी नीयत पर भी शक करने की कोई वजह दृष्टिगोचर नहीं होती। सरकार किसी की भी निजता को भंग करने का आरोप स्वयं कर लगता हुआ देख बिन बुलाये संकट को कैसे आमंत्रित कर सकती है? क्योंकि इस तरह का कोई भी काम पूर्ण रूप से असंवैधानिक व गैर कानूनी होती है। ऐसी अराजकता, अव्यवस्था एवं एकाधिपत्य लोकतंत्र का ही विलुप्त कर सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## मतदान के दिन ड्यूटी में होने पर 4 विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

औबेदुल्लागंज। मतदान के दिन ड्यूटी में होने पर 4 विभागों के शासकीय सेवकों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन -2023 की मतदान तिथि 17 नवम्बर को अत्यावश्यक सेवाओं में कर्त्तव्यस्थ होने के कारण 4 विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान के दिन ड्यूटी पर होने के कारण अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम नहीं होंगे। ऐसे शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान करने के लिये पात्र होंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग ( अग्निशमन सेवाएँ ) और ऊर्जा विभाग शामिल है।

## बैरसिया विधान सभा में प्रेक्षक रजनी रानी राय अभ्यर्थी व्यय अभिलेखों का निरीक्षण करेंगी

बैरसिया। बैरसिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 149 के लिए नामित व्यय प्रेक्षक रजनी रानी राय आगामी चुनाव में सभी प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर एवं संबंधित दस्तावेजों का व्यापक निरीक्षण करेंगी। इस अभ्यास का उद्देश्य पारदर्शिता बनाए रखना और चुनावी व्यय दिशानिर्देशों का पालन करना है। सभी संबंधित उम्मीदवारों और उनकी अभियान टीमों से अनुरोध किया जाता है कि वे इन परीक्षाओं के लिए निर्दिष्ट स्थान पर निर्दिष्ट तिथियों पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उम्मीदवारों को अपने चुनाव अभियान व्यय से संबंधित सभी प्रासंगिक रिकॉर्ड और दस्तावेज साथ लाने चाहिए। यह पहल निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। रजनी रानी राय, व्यय पर्यवेक्षक के रूप में, स्थापित दिशानिर्देशों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यय रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच करेंगी। इस निर्देश का अनुपालन करने में विफलता के परिणामस्वरूप प्रचलित चुनावी कानूनों और विनियमों के अनुसार परिणाम हो सकते हैं। किसी भी पूछताछ या अधिक जानकारी के लिए, कृपया व्यय पर्यवेक्षक के कार्यालय, बैरसिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 149, संपर्क विवरण पर संपर्क करें।

## स्टेंडिंग बैठक कमेटी की बैठक आज

सिवनी- विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु निर्वाचन प्रेक्षक महोदय की अध्?यक्षता में दिनांक 03 नवम्?बर 2023 को मुख्?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में समय प्रात- 10-30 बजे से स्?टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। उक्?त बैठक में निर्वाचन से जुडे अधिकारियों के साथ-साथ मान्?यता प्राप्?त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी।

## भाजपा के प्रत्यशी भूपेन्द्र सिंह के समर्थन में उमड़ा जन सैला

मालथोन सागर के खुरई विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी मंत्री भूपेन्द्र सिंह के समर्थन में स्टार प्रचारक व केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जनसभा को सम्बोधि कियाऔर जनता से भारतीय जनता पार्टी को जिताने का आशीर्वाद लिया केंद्रीय मंत्री पहलाद पटेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में हमारे केवल तीन मुद्दे हैं गरीब कल्याण महिला सशक्तिकरण और आने वाले समय में भारत माता को विश्व का सिरमौर बनाना है पहलाद पटेल ने अपने भाषा में कहा कि जो आज पिछड़ा और जातिवाद की बात करते हैं उन्हें ही भारतीय जनता पार्टी ने जब पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की बात की थी तो कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने ही आपत्ती जतायी थी और केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सभा को संबोधित कार ते हु कहा कि कांग्रेस सरकार में दलित पिछड़ा और गरीब आदमी की अपेक्षा हुई है सभा में बी के पी कॉलेज के संचालक आशीष पटेरिया ने अपने मित्रों के साथ मिलकर केंद्रीय मंत्रियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्?यता ग्रहण की इस सभा में अपार जन सैलाब रहा

### ऋतु खण्डेलवाल ने नगर में किया सघन जनसंपर्क

## वार्ड वासियों ने जगह-जगह स्वागत कर भाजपा को समर्थन देने का वादा किया




बैतूल/सांध्य प्रकाश। बैतूल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल का प्रचार अभियान ग्रामीण सहित शहरी इलाको में जोर पकड़ता जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी श्री खण्डेलवाल द्वारा समूचे विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर क्षेत्र के चहुँमुखी विकास और आमजन की समृद्धि, खुशहाली के लिए मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आशीर्वाद मांगा जा रहा है। वहीं भाजपा संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी चुनाव प्रचार में जुटे हुए है। गुरूवार को श्रीमती ऋतु हेमंत खण्डेलवाल भाजपा नेत्रियों और भाजपा नेताओं के साथ बैतूल नगर में डोर टू डोर संपर्क कर नगरवासियों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिना कर क्षेत्र के चहुँमुखी विकास, बैतूल नगर को सर्वसुविधायुक्त बनाने और आमजन की तरक्की के लिए मतदाताओ से भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल को आशीर्वाद देने का अनुरोध कर रहे है। जनसंपर्क के दौरान श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल का मतदाताओं द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत कर भाजपा के पक्ष समर्थन देने का भरोसा जताया गया।। उन्होने बताया कि आम जन की समस्याओं के निराकरण में भी उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान वार्ड वासियों से अपील की कि विकास के सिलसिले को बनाए रखने के लिए इस विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर हेमंत भैया को आशीर्वाद दे।

जनसंपर्क के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू,।, विजय प्रकाश शुक्ला, सुजल झरबडे, अभिषेक गायकवाड, अश्विन पंडाग्रे, विजय विश्वकर्मा, राजेश धोटे, प्रकाश श्रीवास, नवीन गोलर, प्रियांश राठौर, रोहित गव्हाड़े, रविन्द्र धुर्वे, देवेश वाडबुदे, साहिल राठौर एवं शिवम पंवार निवासी बैतूलबाजार शामिल है।

### चंद्रशेखर वार्ड में निलय विनोद डागा ने मांगा जनसमर्थन

## युवाओं के संग, विकास के रंग, कांग्रेस का हाथ युवाओं के साथ



बैतूल।। कांग्रेस चुंनाव कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैतूल विधान सभा मे कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा ने गुरुवार चंद्रशेखर वार्ड में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। जहां नागरिकों ने श्री डागा का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। क्या बुजुर्ग , क्या पुरुष और क्या महिलाएं सभी मे जबरदस्त उत्साह की लहर नजर आ रही थी। कांग्रेस प्रत्याशी ने अपने हाथ जोड़ , आवर बुजुर्गों के चरण छूकर उनसे विजयी आशीर्वाद मांगा। जनसम्पर्क के दौरान युवा वर्ग खासा उत्साहित नजर आया। इसके पीछे वजह यह सामने आई कि युवा वर्ग के विकास को लेकर विधायक निलय डागा ने हमेशा खासी दिलचस्पी दिखाई है। कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा ने कहा है कि, कांग्रेस युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित है। प्रदेश में भाजपा सरकार की नाकामी के चलते आज 2 करोड़ से अधिक युवा है, जिनमें से लाखों युवा रोजगार के लिए योग्य है लेकिन प्रदेश में रोजगार के पर्याप्त अवसरों की कमी के कारण बेरोजगारी का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। युवाओं के लिए समग्र युवा रोजगार नीति बनाई जाएगी। इस पोर्टल के माध्यम से रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को एक ही पोर्टल पर रिक्त पदों की जानकारी, आवेदन करने एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करने की सुविधा रहेगी। इस पोर्टल में सरकारी, अर्द्धसरकारी, निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर, स्वरोजगार तथा कौशल उन्नयन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## त्रिदेव और पंच परमेश्वर 'अबकी बार छप्पन पार' के लक्ष्य में हर हाल में सफल होंगे - केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर

रतलाम । भारतीय जनता पार्टी के देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं पर समाज बनाने एवं देश को बचाने की जिम्मेदारी है। हमारी भूमिका केवल चुनाव के लिए ही नहीं है। मुझे पूरा विश्वास है कि रतलाम के त्रिदेव एवं पंच परमेश्वर कार्यकर्ताओं ने 'अबकी बार-छप्पन पार' का जो लक्ष्य तय किया है, उसे प्राप्त करने में हर हाल में सफल होंगे। रतलाम के भाजपा प्रत्याशी और विधायक चेतन्य काश्यप बहुत ही योजक एवं कल्पज्ञ है। उनमें जन सेवा और संवेदनशीलता कूट-कूट कर भरी है।

यह बात केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव अभियान समिति संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने विसाजी मेंशन में आयोजित विधानसभा कार्यकर्ता एवं त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विधायक काश्यप ने रतलाम में विकास के नए-नए आयाम गढ़ कर सेवा का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भाजपा का कार्यकर्ता होने पर हमें गर्व है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और भारत दोनों का दुनिया में वर्चस्व स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 वर्षों में विकसित भारत की बुनियाद को मजबूत कर दिया है। यदि इसमें बाधा नहीं आएगी, तो दिव्य और भव्य भारत का निर्माण होगा। विधानसभा का यह चुनाव चेतन्य काश्यप को जिताने और सरकार बनाने का ही चुनाव नहीं है अपितु मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने का भी प्रकल्प है। रतलाम के देव दुर्लभ कार्यकर्ता इसमें जरूर सफलता हासिल करेंगे। श्री तोमर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा को हर लक्ष्य प्राप्त होगा। उन्होंने 4 नवंबर को रतलाम में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जन सभा में भी शहर की प्रभावी उपस्थिति दर्ज करने का आव्हान किया।

सम्मेलन में विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी चेतन्य काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश में चुनाव अभियान समिति संयोजक के रूप में केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने जब से कमान संभाली है, तब से कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। प्रदेश में एक ही चर्चा है कि भाजपा की पुनः सरकार बनेगी और वह 150 से अधिक सीटें जितेगी। रतलाम में 'अबकी बार-छप्पन पार' का लक्ष्य पूरा करने में कोई कार्यकर्ता यदि पूरी तरह सक्षम है, तो वे हमारे त्रिदेव और पंच परमेश्वर है।

जिला प्रवास प्रभारी गुजरात विधायक केयूर भाई रोकड़िया ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आव्हान किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह विकास का चुनाव है। विधायक काश्यप द्वारा किए गए कार्यों को कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाएंगे तो, रिकॉर्ड जीत मिलेगी। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा ने आरंभ में स्वागत भाषण दिया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल ने माना। इस दौरान प्रवासी विधायक अल्पेश ठाकुर, जिला चुनाव संयोजक बजरंग पुरोहित, विधानसभा सह संयोजक प्रेम उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष अशोक पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### पूर्व पार्षद बबीता नागर व मदन सोनी भाजपा में शामिल

विधानसभा कार्यकर्ता एवं त्रिदेव सम्मेलन में पूर्व कांग्रेस पार्षद बबीता एवं कांग्रेस नेता मदन सोनी ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष लुनेरा एवं विधानसभा प्रत्याशी काश्यप सहित अतिथियों ने उनका स्वागत सम्मान किया।

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन का सघंन जनसंपर्क जारी

### -गांव-गांव पहुंचकर मतदाता बंधुओं से ले रहे आशीर्वाद



सिवनी- कांग्रेस सरकार की सत्ता सबने देखी है और कांग्रेस कार्यकाल में आमजनता को कितना कष्ट होता था उसका एहसास आम जनता को है। यह पूरा प्रदेश बीमारू प्रदेश के नाम से जाना जाता था। कांग्रेस के समय न तो अच्छी सड़के थी, न बिजली थी, न सिंचाई के पर्याप्त साधन किसानो के साथ कितना अपमानजनक व्यवहार होता था इसका दर्द किसान भूल नहीं सकता। उक्ताशय की बात सिवनी विधान सभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र के चुनावी जनसंपर्क के दौरान कही। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा प्रत्याशी श्री राय ने ग्राम बेरीनाला से जनसंपर्क अभियान आरंभ कर ग्राम गोरखपुर, भरुंटोला, उमरिया, झिलमिली, बोरिया, टाडे, परासिया, बेलखेड़ी, खिरखिरी, खमरिया, भाजीपानी, लुंगसा, सालीवाड़ा, थावरी, कलारबाँकी, देवरी, बजरवाड़ा, कांचना, जोगीवाड़ा, जेवनारा, मेहलोन, पोंडी, बीसावाडी, कुकलाह आदि ग्रामों मे भाजपा पदाधिकारियों जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ सघंन जनसंपर्क कर मतदाता बंधुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान मुनमुन ने कहा कि किसानों को बैंको से 18 प्रतिशत के चक्रवृद्धि ब्याज पर कांग्रेस कृषि ऋण देती थी और कई बार तो बिन ऋण लिये भी उन पर ऋण चढ़ा देती थी और किसानों के सम्मान को सरेबाजार नीलाम करती थी किसानों के घर से सामान, बैल आदि बैंक वाले उठा ले जाते थे और उनकी जमीन को कुर्क कर लिया जाता था परंतु प्रदेश में संवेदनशील शिवराज सरकार ने किसानों को अनेक सुविधाएँ देते हुये शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का ऐतिहासिक कदम उठाते हुये पूरे देश में एक मिसाल कायम की और स्पष्ट कर दिया कि किसानों से ऋण वसूली के नाम पर उनका अपमान नहीं किया जायेगा । आज प्रदेश को भाजपा की सरकार ने बीमारू राज्य से विकासशील राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश के विकास के साथ सिवनी जिले में भी विकास के अनेको कार्य हुये है शिवराज सरकार ने सिवनी विधानसभा को जो सौगाते दी है उनकी क्षेत्र की जनता को जानकारी है उन विकास कार्यो का सभी को फायदा भी हो रहा है। श्री राय ने कहा क जो विकास भाजपा ने किया है वह कांग्रेस कभी नहीं कर सकती चुनाव के समय केवल बड़ी बड़ी बाते करते है और काम कुछ नहीं करते। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों देवतुल्य कार्यकर्ताओं समर्थकों एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

## प्रचंड बहुमत के साथ मध्यप्रदेश में बनाएंगे भाजपा की सरकार - नरेंद्रसिंह तोमर



शाजापुर। भाजपा के स्टार प्रचारक एवं केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर गुरुवार को जिले की कालापीपल विधानसभा के ग्राम अरनियाकला एवं शाजापुर विधानसभा के ग्राम लड़ावद में प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने उनकी अगुवाई करते हुए कार्यकर्ताओ के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर दोपहर 12 बजे कालापीपल विधानसभा के ग्राम अरनियाकला पहुंचे और कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी घनश्याम चंद्रवशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वे दोपहर 01 बजे शाजापुर विधानसभा के ग्राम लडावद पहुंचे और यहाँ भाजपा प्रत्याशी अरुण भीमावद के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने जनसभाओं में संबोधित करते हुए कहा कि 2003 के पहले का मध्यप्रदेश बीमारू और पिछड़ा राज्य हुआ करता था,लेकिन 2003 के बाद भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है। सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं जो जनता से दूर थी और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने गांव गांव सड़क और गांव गांव बिजली पहुंचने का कार्य किया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हर गरीब के सपने को पूरा करते हुए पक्के मकान बनाने का काम किया है। पूरे देश में अकेला मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य है जहा किसानों को 12 हजार रुपए मिलते है। 6 हजार केंद्र सरकार देती है और 6 हजार राज्य सरकार। बाकी प्रदेशों में केंद्र सरकार के 6 हजार ही मिलते है। मध्यप्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार आ जायेगी तो वह विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं बंद करके किसानों के अधिकार के मिलने वाले 6 हजार भी बंद कर देगी, इसलिए भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमतों से विजयी बनाकर मध्यप्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के माध्यम से विकास कार्य हो रहे हैं साथ ही बीच की दलाली समाप्त हो रही है जिससे हितग्राही को लाभ सीधे-सीधे मिल रहा है कांग्रेस की सरकार है तो विनाश है यह पिछले सालों में हमने देखा है कमलनाथ की 18 महीने की सरकार में 900 वादे किए गए जिन पर नौ पर भी काम नहीं हुआ किसानों का कर्ज माफ करेंगे नहीं किया बेरोजगारों को भत्ता दिया क्या 6 माह जनता को गुमराह करते हैं मध्य प्रदेश में कमल खिलाना है भाजपा की सरकार बनानी है 2023 का चुनाव सेमीफाइनल है और 2024 का चुनाव फाइनल है कांग्रेस ना देश के साथ है ना धर्म के साथ है हम सब संकल्प ले हमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजय बनाना है और मध्य प्रदेश में कमल खिलाना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व निगम अध्यक्ष विजेंद्रसिंह सिसोदिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंबाराम कराड़ा, पूर्व विधायक जसवंतसिंह हाड़ा, गोपाल परमार, जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, संतोष बराड़ा, अशोक कवीश्वर, प्रदीप चंद्रवाशी अशोक तोमर, गोपाल राजपूत, रायसिंह मेवाडा, किरण ठाकुर, रामप्रसाद चौधरी, यमुना कछावा, संतोष जोशी, विवेक शर्मा, श्याम टेलर, केटल पटेल, श्रद्धा नागर, मधु दवे, रामेश्वर चौधरी सहित बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 2 महिला और 2 पुरुषों से 35 किलो अवैध गांजा जप्त




नर्मदापुरम। विधानसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता नियम में जिला पुलिस कप्तान डॉक्टर गुरुकरन सिंह के निर्देश पर इटारसी पुलिस लगातार अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इसी तारतम्य में आचार संहिता के चलते पहली बड़ी कार्यवाहीं आंकी जा रही है।जिसमे एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव बुंदेला के नेतृव्य में सिटी पुलिस ने रेलवे बारह बंगला क्षेत्र से दो महिलाएं और दो पुरुषों के कब्जे से 35 किलो अवैध गांजे के साथ पकड़े में कामयाबी हासिल की है।गांजे की कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई जा रही है।इस सबंध में टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आज रेलवे बारह बंगला क्षेत्र में दो महिलाएं एवं दो पुरुष बेंग में कुछ मादक प्रदार्थ लेकर घूम रहे है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया।जब उनके बेंग की तलाशी ली गई तो उसमें बड़ी मात्रा में अवैध गांजा भरा मिला।मोके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर एएसआई संजय रघुवंशी टीम के साथ थाने लाये,जहाँ चारों से पूछताछ की गई।जिसमें आरोपी महिला परमजीत कोर पति भीम सिंह निवासी हरियाणा,मलकीत कोर पति सुखदेव हरियाणा, सुरेन्द पिता पूरन सिंह वैरागी हरियाणा एवं सुशील पिता सुरूमलिंग उड़ीसा निवासी है।चारो आरोपी उड़ीसा गांजा लेकर इटारसी आये थे ओर इटारसी से हरियाणा भागने की फिराक में थे।जहाँ मुखबिर की सूचना पर चारों आरोपियों को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया।आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका एएसआई संजय रघुवंशी,एएसआई रीना खरे,प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी,भागवेन्दं सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया, आरक्षक हरीश डिगरसे,राजेश पंवार, जयप्रकाश पाठे, गजेन्दं,अंकित,पूनम चौधरी,चेतना के साथ आरपीएफ का भी सहयोग आरोपियों को पकड़ने में रहा।

## भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गंगा सिंह को जनता जनार्दन ने दिया भरपूर आशीर्वाद

**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र 132 शाहपुर मंडल के ग्राम कोटमी से प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। भाजपा प्रत्याशी ने ग्राम सिलपटी, गौनापुर, भयावाड़ी, बुड्डीडेम, देशावाड़ी, माली सिलपटी, छितरीबड़, मोखामाल, मोखा रैय्यत, पलाशपानी, बरेठा, निशाना में सघन जनसंपर्क किया और बुजुर्गों के चरण छूकर आशीर्वाद भी लिया।-- भाजपा प्रत्याशी आज इन ग्रामों में करेंगी जनसंपर्क--भाजपा प्रत्याशी आज 3 नवंबर को घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घाडगांव, सालीढाना, रातामाटी, बॉसपुर, पिपरी 1, पिपरी 2, कान्हावाड़ी, सीताखेड़ा, अर्जुन गोंदी, घुग्घी, चोपना, फूलगोहान, खखरा, कोयलारी, दुधावानी, खारागोंदी, बांसबोड़ी में सघन जनसंपर्क करेंगी।

## प्रभु राम चौधरी के दिल और दिमाग दोनों दूध के सामान साफ हैं: सिंधिया





**रायसेन।** सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी दिल और दिमाग दूध के समान सांप हैं उक्त बात आज गैरतगंज की जनपद पंचायत प्रांगण में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा विशाल आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र में जो आता है वह यही का होकर रह जाता है ऐसे ही भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र की दिशा और दशा दोनों को बदलकर रख दिया जहां प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना लाडली बहन योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समय जो भी मंत्री और विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों के बारे में चर्चा करने उनके पास पहुंचने थे तो वह कौन समस्याओं को सुनने की बजाय चलो चलो का कर दिया करते थे ऐसे में कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों और विधायकों की उपेक्षा और विकास कार्य के नाम पर चलो चलो कहने के कारण इन मंत्रियों और विधायक को ने प्रदेश से कांग्रेस सरकार को भी 2020 में चलो चलो कर दिया और भाजपा सरकार को बनाने में योगदान प्रदान किया भाई कांग्रेस सरकार में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा 26 लाख फर्जी किसानो की कर्ज माफी के प्रमाण पत्र बांट दिए गए और यह फर्जी प्रमाण पत्र मेरे द्वारा भी बटवाए गए और किसी भी किसान का कांग्रेस सरकार में कर्ज माफ नहीं हो सका और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा राजगढ़ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में 12 लाख किसने की किसानों के 2 हजार 200 करोड़ के किसानों के कर्ज माफ कर दिए गए प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है और यह है प्रदेश में विकास कार्य जमकर कर रही है सांची विधानसभा क्षेत्र को एक ऐसा प्रत्याशी दिया है जो लगातार विकास क्षेत्र में कहकर नहीं करके दिखा रहे हैं प्रदेश में जय और वीरू की जोड़ी कार्य कर रही है एक का विरोध दूसरे के कपड़े फाड़े जा रहे हैं ऐसे में सांची विधानसभा क्षेत्र को डॉक्टर प्रभु राम चौधरी जैसा प्रत्याशी मिला है जिसको राजनीति में क्षेत्र का विकास करके अपनी पहचान बनाई है डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के द्वारा अपना जीवन साथी विधानसभा क्षेत्र को समर्पित कर दिया गया है राजनीति में जो लोग आते हैं उनकी चाहत रहती है की राजनीति और शासन में बने रहें परंतु डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के द्वारा राजनीति नहीं जनता की सेवा के रूप में यह सेवक मिला है और अच्छे लोगों की जरूरत हमेशा आज की राजनीति मेंहोती है और उन्हें अच्छे लोगों में डॉक्टर प्रभु राम चौधरी हैं 25 सालों से लगातार सांची विधानसभा क्षेत्र में आता रहा हूं और आज भी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के साथ विकास के लिए हमेशा खड़ा हूं आज के इस कार्यक्रम में ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा मंच से जो विशाल आम सभा को संबोधित किया गया उनके भाषणों में राजनीति कहीं नहीं दिखी और उनके द्वारा केवल परिवार समाज और विकास की बातें कही गई कार्यक्रम में डॉक्टर प्रभुराम चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण आज सांची विधानसभा के साथ-साथ जिले में विकास कार्यों की जो भी सौगातें है मिली है उसका श्री श्रीमंत ज्योतिरादित सिंधिया को जाता है जिनके द्वारा गैरतगंज रायसेन में सड़क सौंदर्य करण के नाम पर लगभग 68 करोड़ की राशी रायसेन नगरके सौंदर्य करण और गैरतगंज नगर पंचायत के सौंदर्य करण के लिए प्रदान की गई वहीं जिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज केंद्रीय विद्यालय मेडिकल कॉलेज की सौगात है मिली है और जो भी विकास कार्य रह गए हैं उनको अब पूरा किया जाएगा इस मौके पर आज उपस्थित जनों मेंजिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर नगर पंचायत अध्यक्ष गैरतगंज जीनेस जैन नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर बद्री पटिया मिथिलेश शर्मा नगर मंडल अध्यक्ष गैरतगंज संजय जैन जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पटेल राजेंद्र सिंह राठौर सिंह मीणा वीर सिंह पटेल बृजेश चतुर्वेदी धीरेंद्र सिंह कुशवाह नरेंद्र सिंह कुशवाहा जमुना सेन नूतन कुशवाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सुधीर अग्रवालजिला पंचायत सदस्य राजेंद्र बघेल युवा भाजपा नेता रौनक चौधरी अंशुल शर्मा मीडिया प्रभारी जगदीश अहिरवार अनिल चौरसिया मनोज कुशवाहा

**नाम परिवर्तन सूचना**

श्रीमति सीमा विश्वकर्मा पत्नी,श्री मनीराम विश्वकर्मा आयु वयस्क पता 74 अयोध्या बायपास रोड, भवानी धाम फेस-1 नरेला शंकरी,भोपाल ( म.प्र. ) शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि मेरे पुत्र यशवर्धन विश्वकर्मा का जन्म दिनांक 02.07.2012 को हुआ था, जिसका जन्म प्रमाण पत्र मेरे द्वारा बनवाया गया था, जिसमें उसका नाम यशवर्धन विश्वकर्मा दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे उक्त पुत्र के आधार कार्ड न. 894839948070 मे उसका नाम यशवर्धन दर्ज है,जो कि अपूर्ण है। यह कि मेरे पुत्र का सही नाम यशवर्धन विश्वकर्मा है, जो कि सत्य व सही माना जावे एवं यही नाम मुझे उसके आधार कार्ड में भी दर्ज करवाना है यह कि उपरोक्त शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, यदि भविष्य में इससे संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है,तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

क्रमांक 2172/राजस्व/भो.वि.प्रा./2023 भोपाल दिनांक 2/11/2023

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की रत्नागिरी योजना में स्थित डुप्लेक्स भवन क्र.19, श्री स्टेनली सेमुअल आ. स्व. श्री योहनन सेमुअल एवं श्रीमती सजी जार्ज पत्नि श्री ए. बी. जार्ज के संयुक्त नाम पर आवंटित है संयुक्त आवंटी श्री स्टेनली सेमुअल द्वारा संयुक्त आवंटी श्रीमती सजी जार्ज को अपना मुख्तारआम नियुक्त कर मुख्तारआम पत्र उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत कराये जाने के उपरांत संयुक्त आवंटी/मुख्तारआम द्वारा भवन का विक्रय श्री बी. के. जार्ज आ. श्री वर्गीस जार्ज को कर विक्रय पत्र दिनांक 22/06/2023 को उप पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत करा दिया भवन के क्रेता श्री बी.के. जार्ज द्वारा आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र पंजीकृत की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण चाहाँ है। यदि उक्त भवन का नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी. एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

# नीता अंबानी का कारोबार से लेकर सोशल वर्क तक सभी में है बड़ा नाम, संभालती हैं अंबानी परिवार के कई बिजनेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी का आज जन्मदिन है। नीता अंबानी ने अपने जीवन में कई शानदार मुकाम हासिल किए हैं। नीता अंबानी का जन्म 1963 को मुंबई के मिडिल क्लास गुजराती परिवार में हुआ था। नीता का कारोबार से लेकर सोशल वर्क तक में सभी जगह बड़ा नाम है।

नीता अंबानी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी फिटनस का भी काफी ख्याल रखती हैं। नीता अंबानी दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक कार्य संगठनों में से एक रिलायंस फाउंडेशन की अगुवाई करती हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे बड़ी लिस्टेड कंपनी है और सबसे बड़े कॉरपोरेट घरानों में उसकी गिनती होती है।

**ऐसे हुई मुकेश अंबानी से मुलाकात-** नीता अंबानी ने नरसी मोंजी कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री ली है। वह कम उम्र में ही एक पेशेवर भरतनाट्यम डांसर बन गईं थीं। नीता जब स्कूल में टीचर की नौकरी कर रहीं थीं तभी उनकी मुलाकात मुकेश अंबानी से हुई थी। दोनों ने साल 1985 में शादी कर ली थी। मुकेश और नीता अंबानी के तीन बच्चे हैं।

**कारोबार में बंटाती हैं हाथ -** नीता अंबानी अपने पति मुकेश अंबानी के कारोबार में उनका हाथ बंटाती हैं। वह रिलायंस फाउंडेशन, मुंबई



इंडियन्स और धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल का कामकाज देखती हैं। इसके साथ ही वह कई एनजीओ के साथ मिलकर भी काम करती हैं।

**करोड़ों में है नेटवर्थ -** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नीता अंबानी की नेटवर्थ अभी 2.8 बिलियन डॉलर से 3 बिलियन डॉलर है। वह कई बड़े वेंचर की अगुवाई करती हैं। रिलायंस फाउंडेशन के अलावा वह महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली डिजिटल मूवमेंट हर सर्कल की अगुवाई करती हैं।

**पैसों की वैल्यू करना सिखाया -** देश के सबसे अमीर परिवार में पैदा होने के बावजूद नीता अंबानी ने अपने बच्चों के सिर पर पैसे का खुमार नहीं चढ़ने दिया। नीता अपने बच्चों को पॉकेट मनी दिया करती थीं और बच्चों को उतने ही पैसों में अपना खर्चा चलाना होता था। आप भी नीता अंबानी से बच्चों को पैसों की वैल्यू समझना सिखा सकते हैं।

**डांस प्रैक्टिस से होती है शुरुआत-** नीता अंबानी अपने दिन की शुरुआत ज्यादातर डांस प्रैक्टिस के साथ करती हैं। वह काफी एक्टिव रहती हैं। नीता अंबानी हर रोज सुबह जल्दी उठना पसंद करती हैं। नीता और मुकेश अंबानी उन कपल्स में से एक हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी की शुरुआत साधारण तरह से की है। वह सबसे अमीर भारतीय होने के बाद भी सिंपल जीवन जीना पसंद करती हैं।

# गौतम अडानी ने पूरी जिंदगी जितना कमाया, उससे ज्यादा इस साल गंवाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी पिछले साल सितंबर में दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए थे। यह मुकाम हासिल करने वाले वह एशिया के पहले शख्स बने थे। तब उनकी नेटवर्थ 150 अरब डॉलर से ज्यादा पहुंच गई थी। लेकिन इस साल जनवरी में आई एक रिपोर्ट ने उन्हें ऐसा झटका दिया कि वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में टॉप 20 से बाहर हो गए। अडानी इस साल सबसे ज्यादा दौलत गंवाने के मामले में पहले नंबर पर हैं। दिलचस्प बात है कि दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में इस साल जितनी उछाल आई है, करीब उतनी ही रकम अडानी ने गंवाई है।

अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को अडानी ग्रुप के खिलाफ एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें अडानी ग्रुप ने



शेयरों की कीमत के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि अडानी ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया है लेकिन इससे ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई है। बुधवार को अडानी की नेटवर्थ में 1.49 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 58.7 अरब डॉलर रह गई। अडानी की नेटवर्थ में इस साल 61.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यानी अडानी ने ताउम्र जितना कमाया है, उससे ज्यादा इस साल गंवा दिया है। अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अभी 22वें नंबर पर हैं।

## जकरबर्ग टॉप पर

इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 67.4 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में नौवें नंबर पर हैं। मस्क 198 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 160 अरब डॉलर दूसरे नंबर पर आ गए हैं जबकि फ्रांस के जोसेफ आरनॉल्ट (157 अरब डॉलर) तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 85.7 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं।

# प्रॉफिट से घाटे में आ गई टाटा की दुधारू गाय, दूसरी तिमाही में 6,511.16 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाटा स्टील ने दूसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी चालू वित्त ट जुलाई-सितंबर तिमाही में 6,511.16 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। कंपनी ने बुधवार को बाजार बंद होने के बाद यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,297.06 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। कंपनी की कुल आमदनी भी सितंबर, 2023 तिमाही में घटकर 55,910.16 करोड़ रुपये रह गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 60,206.78 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी का कुल व्यय समीक्षाधीन तिमाही में 55,853.35 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल सितंबर तिमाही में 57,684.09 करोड़ रुपये रहा था।




इस फाइनेंशियल ईयर की पहली तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 93 फीसदी की गिरावट के साथ 524.85 करोड़ रुपये रहा था। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 7,714 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। कंपनी का कहना है कि वह 2045 तक नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी चरणबद्ध तरीके से यह काम करने में जुटी है। कंपनी के सीएफओ कौशिक चटर्जी ने कहा कि कैशफ्लो को मैक्जिमाइज करने के लिए कंपनी का फोकस कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशनस, ऑपरेशनल इम्प्रूवमेंट्स और वर्किंग कैपिटल मैनेजमेंट पर है।

**टाटा की दुधारू गाय-** टाटा स्टील ने फाइनेंशियल ईयर 2022 में टाटा ग्रुप को सबसे ज्यादा मुनाफा कमाकर दिया था। टाटा स्टील ने टीसीएस को पीछे छोड़कर यह तमगा हासिल किया था। वित्त वर्ष 2022 में टाटा स्टील का नेट प्रॉफिट 41,749 करोड़ रुपये रहा था जबकि टीसीएस का नेट प्रॉफिट 38,327 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि 2023 में टीसीएस ने फिर बाजी मार ली। दोनों कंपनियों के मार्केट कैप में जमीन-आसमान का अंतर है। टीसीएस मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है।

# वेनेजुएला तेल सस्ता करेगा तो भारत भी उससे खरीद सकता है: पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भी पाबंदी लगाने की धमकी देता रहा है, लेकिन पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच वह खुद उससे तेल खरीदने की तैयारी में है। उसने हाल ही में वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटा दिया है। इस बीच, भारतीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी साफ कर दिया है कि अगर वेनेजुएला तेल सस्ता करेगा तो भारत भी उससे खरीद सकता है।

**तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक-** गौरतलब है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। अपनी जरूरत का 80 फीसदी से अधिक तेल विदेशों से खरीदता है और अपने कच्चे तेल के आयात कीमतों में कटौती करना चाहता है।



**अधिक आपूर्ति होना हमेशा अच्छा-** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को एक उद्योग कार्यक्रम में वेनेजुएला के तेल के बारे में कहा कि जब बाजार में अधिक आपूर्ति होती है तो यह हमेशा अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि जहां से भी सस्ता तेल मिलेगा हम वहां से खरीदेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वेनेजुएला के पास सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक है। बड़े पैमाने पर इससे उत्पादन का वैश्विक तेल की कीमतों पर असर पड़ेगा।

**दो सप्ताह पहले अमेरिका ने लिया फैसला-** दक्षिण अमेरिकी देश 2019 से ही गंभीर प्रतिबंधों को झेल रहा है। अगले साल होने वाले चुनाव के लिए वेनेजुएला सरकार और विपक्षी दलों के बीच हुए समझौते के तहत दो सप्ताह पहले अमेरिका द्वारा प्रतिबंधों को हटा लिया गया है।

**हमारी उपलब्धता पर नजर-** पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, 'हम उपलब्धता पर नजर बनाए हुए हैं।

# संकट में जेट एयरवेज के बॉस, जब्त हुई नरेश गोयल की 538 करोड़ रुपये की संपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी दुनिया की बेहतरीन एयरलाइन माने जाने वाली जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत 538 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है।



प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनियों की लंदन, दुबई और भारत में करीब 538 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई हैं।कुर्क की गई संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं।

**ईडी ने किया था गिरफ्तार-** संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित ये संपत्तियां जेट एयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों, गोयल, उनकी प प्रतिशती अनीता और बेटे निवान के नाम पर हैं। ईडी ने गोयल (74) को एक सितंबर को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

**क्या है मामला -** नरेश गोयल पर आरोप है कि उन्होंने केनरा बैंक में 538 करोड़ की धोखाधड़ी की है। पिछले साल नवंबर में बैंक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें कहा गया था कि केनरा बैंक ने जेट एयरवेज लिमिटेड को 848 करोड़ 86 लाख रुपये की क्रेडिट सीमा और ऋण मंजूर किए थे। इनमें से 538 करोड़ 62 लाख रुपये बकाया हैं। इस शिकायत के बाद सीबीआई ने मई 2023 में नरेश गोयल, उनकी प प्रतिशती अनीता सहित अन्य के खिलाफ़ फ्रॉड का केस दर्ज किया था। 5 मई को गोयल के मुंबई स्थित ऑफिस समेत 7 ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। उनके सहयोगियों के घर भी छापे पड़े थे।

इसके बाद में 19 जुलाई को ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया। फिर ईडी ने गोयल और उनके साथियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। आखिर में एक सितंबर 2023 को 74 वर्षीय नरेश गोयल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था।

## शोक सूचना



डॉ रमेश बाहेती ( स्टील ट्यूब्स ऑफ़ इंडिया) की धर्मपत्नी एवं स्वर्गीय श्री बाबूलाल बाहेती की पुत्रवधू श्रीमती रजनी बाहेती का आकस्मिक निधन आज सुबह हो गया हैं। अंतिम यात्रा कल शनिवार 4 नवंबर 23 ,शाम 4-00 बजे उनके निवास काउंटी वाक, झलारिया से रिजनल पार्क, पिपलिया पाला जाएगी।

# फेड के नरम रुख के बाद क्रिप्टो बाजार में भी हरियाली, बिटकॉइन 17 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो टोकन में गुरुवार को तेजी का रुख जारी रहा क्योंकि फेड के नरम रुख के बाद सबसे पुरानी क्रिप्टो संपत्ति 17 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। सैम बैंकमैन-फ्राइड के क्रिप्टो साम्राज्य- एफटीएक्स एक्सचेंज के पतन के एक वर्ष पूरा होने के बाद क्रिप्टो टोकन ने बड़ा लाभ दर्ज किया।

बिटकॉइन मजबूत बना रहा क्योंकि सबसे बड़ा क्रिप्टो टोकन 3 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया और 35,500 के स्तर से ऊपर मजबूती से दौड़ने में कामयाब रहा। इसकी सबसे बड़ी समकक्ष एथेरियम में भी करीब 3 फीसदी की तेजी देखी गई, लेकिन यह 1,900 डॉलर के स्तर से नीचे बना रहा। अधिकांश ऑल्टकॉइन तेज लाभ के साथ कारोबार करते दिखे।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) द्वारा प्रत्याशित ब्याज दरों की पुष्टि करने के बाद बिटकॉइन की कीमत . 35,500 की सीमा से ऊपर कारोबार करती दिखी। मुड्रेक्स के सह-संस्थापक और सीईओ एदुल पटेल के अनुसार इस घोषणा ने बाजार को आशावाद के साथ प्रेरित किया है, जिससे पिछले दिन बिटकॉइन की कीमत में लगातार वृद्धि हुई है।

# कोटक बैंक की कंपनी को मिला खरीदार, 4051 करोड़ में बिक रही हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर आज गुरुवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों में 1.17 प्रतिशत की तेजी है और यह 1,744.50 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, ज्यूरिख इंश्योरेंस कंपनी 4,051 करोड़ रुपये में कोटक जनरल इंश्योरेंस में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की तैयारी में है। निजी क्षेत्र के ऋणदाता कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निवेश ताजा वृद्धि पूंजी और शेयर खरीद के संयोजन के जरिए होगा। ज्यूरिख इंश्योरेंस तीन साल में सामान्य बीमा कंपनी में 19 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करेगी। कंपनी के अनुसार, कोटक महिंद्रा बैंक और कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने ज्यूरिख इंश्योरेंस कंपनी के साथ हिस्सेदारी बिक्री के लिए एक निश्चित समझौता किया है।

# अमेरिकी तकनीक से अपोलो के डॉक्टरों ने मरीज को दिया नया जीवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी तकनीक के सहारे दिल्ली के अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों ने एक महिला मरीज को नया जीवन दिया है। रोबोट तकनीक के सहारे डॉक्टरों नेरूमेटॉइड अर्थराइटिस सेपीड़ित 53 वर्षीय मरीज श्रीमती रेखा की दुर्लभ सर्जरी में सफलता हासिल की है। बीमारी की वजह से महिला मरीज के शरीर में कई जोड़ क्षतिग्रस्त हो गए थे जिसके चलते डॉक्टरों ने कूल्हा और घुटना प्रत्यारोपण किया। जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों नेविश्वकी सबसे उन्नत रोबोटिक प्रणाली अमेरिका कीमो को तकनीक के जरिए जटिल सर्जरी में सफलता हासिल की। श्रीमती रेखा को कूल्हे और घुटने में दुर्बल दर्द का सामना करनापड़रहा था, जिससे उनकी गतिशीलता और दैनिक जीवन की गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही थीं। नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आर्थोपेडिक्स और संयुक्त प्रतिस्थापन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. (प्रो.) राजू वैश्य और आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग के सलाहकार डॉ. अभिषेक वैश्य के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने सटीकता और न्यूनतम आक्रामक प्रकृति के कारण रोबोट-सहायता सर्जरी का विकल्प चुना। डॉक्टरों ने पहली सर्जरी इसी साल चार जुलाई को पूरी की जिसमें रोबोटिक तकनीक से कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया।

# ऑगी एंड द कॉकरोचेस का नया ऑगमेंटेड रियलिटी गेम ऑगी के फैंस के लिए लाया - स्वैट, स्मैश और स्कोर!

**मुंबई, एजेंसी।** क्या आप तैयार हैं अपने पसंदीदा टून, ऑगी की दुनिया में जा कर उसका अनुभव लेने के लिए सोचिये अगर ऑगी के साथ कॉकरोचों का पीछा हमेशा चलता रहे, और आप भी उसमें शामिल हों, तो आपको कैसा महसूस होगा। बच्चों का पसंदीदा चैनल सोनी ये! लाया है, ऑगी एंड द कॉकरोचेस एआर गेम के साथ कुछ दिल दहला देने वाला मनोरंजन, वो भी सिर्फ और सिर्फ आपके लिए। तो, अपना फ़ोन उठाएँ और ऑगी के साथ उन कॉकरोचों से भिड़ने के लिए तैयार हो जाएँ। इस अनूठे रियलिटी गेम में, मिशन होगा ज़्यादा से ज़्यादा कॉकरोचों को मारने का। इस गेम में कई लेवल होंगे, हर लेवल में पहले के मुक़ाबले ज़्यादा कॉकरोच होंगे। बेहतरीन पुरस्कार अनलॉक करने के लिए आपको उन सभी कॉकरोचों का सफाया करना होगा और सबसे अच्छी बात यह है कि आप यह गेम मुफ़्त में खेल सकते हैं। तो क्या आप इन कॉकरोचों से निपटने के लिए तैयार हैं ऑगी एंड द कॉकरोचेस एआर गेम बस एक क्लिक दूर है, यह कहीं भी और कभी भी उपलब्ध है। तो देर किस बात की, इन बग्स का सफाया करें और शानदार ईनाम अनलॉक करें। साथ ही अपने पसंदीदा कार्टूनों का भी आनंद लें, सिर्फ और सिर्फ सोनी ये! के रोमांचक नए एआर गेम के साथ। सोनी ये! के नए एआर गेम, ऑगी एंड द कॉकरोचेस के रोमांच का अनुभव करें!

# ओप्पो इंडिया की सेंड-इन रिपेयर सेवा का विस्तार 25,000 पिन कोड्स तक हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** ओप्पो इंडिया ने अपने सर्विस सेंटर 3.0 के साथ आफ्टर-सेल्स सेवा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ओपो की पिक-अप और ड्रॉप सेवा के साथ सर्विस सेंटर 3.0 भारत में 25,000 पिन कोड्स तक पहुँच चुका है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ओप्पो ने सॉफ्टवेयर समस्याओं, स्क्रीन और बैटरी के रिप्लेसमेंट, स्पीकर डैमेज और टचस्क्रीन ख़राब होने सहित स्मार्टफ़ोन रिपेयर के 80 प्रतिशत मामलों के लिए त्वरित 24-घंटे टीएटी (टर्नअराउंड टाइम) की गारंटी देने के लिए अपनी कार्यक्षमता को मज़बूत किया है। पिछले साल शुरू की गई ओप्पो की कस्टमर सर्विस 3.0 सेवा पहले से ही ग्राहकों को ख़ास डिवाइसेज़ के लिए एक घंटे में ऑनसाइट रिपेयरिंग, नए उत्पादों का प्रदर्शन, मुफ्त पिक-अप एवं ड्रॉप और रिपेयर के लिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा बैंक ईएमआई के विकल्प जैसे कई फ़ायदे प्रदान करती है। ग्राहक ओप्पो के तकनीशियनों को अपनी आँखों के सामने डिवाइस ठीक करते हुए देख सकते हैं, इसलिए ओप्पो इंडिया की इस सेवा द्वारा पारदर्शी और रियल-टाइम में रिपेयरिंग की सुविधा मिलती है।ग्राहक ओप्पो इंडिया की वेबसाइट पर जाकर 24 घंटे में सेंड-इन रिपेयर सेवा का लाभ लेने के लिए सेंड-इन रिपेयर फॉर्म जमा करके अपने स्मार्टफोन के लिए मुफ्त पिक-अप और ड्रॉप की सेवा प्राप्त कर सकते हैं; इस फॉर्म में उन्हें पिक-अप के पते के साथ डिवाइस का ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबर और अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर डालना होता है। यह डिवाइस सर्विस सेंटर में पहुँचते ही ओप्पो इंडिया का 24 घंटे में रिपेयर का टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) शुरू हो जाता है।रिपेयर के अपडेट्स लगातार ग्राहकों को एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से मिलते रहते हैं। यदि रिपेयर होने वाली डिवाइस किसी दूर-दराज के इलाक़े से आई है, तो पिक-अप से लेकर रिपेयर और डिलीवरी तक की प्रक्रिया 5 से 7 दिनों में पूरी हो जाती है।

# त्यौहारों की खुशियां बढ़ाएं: फेविकोल रेलम के जादू के साथ अपने फर्नीचर में जान फूंकें

**मुंबई, एजेंसी।** त्योहारों के दिन आ गए हैं और हम अपने घरों की दरो-दीवार को पेंट से सजा रहे हैं और सजावट का सामान बदल रहे हैं तो फर्नीचर को क्यों पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए ज्यादातर मामलों में त्योहारी सीजन के दौरान फर्नीचर को बदलने या पूरी तरह से नया लुक देने को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि इसे महंगा, बोझिल और अस्त-व्यस्त करने वाला माना जाता है।हालांकि, आपके घर का सामान भी एक ताज़ा लुक का हकदार है और वह भी बिना किसी परेशानी के, शोर और धूल के! फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीज़न में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है।फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन प्रोसेस को आसान बना सकते हैं।

# राष्ट्रीय प्रबंधन छात्र खेलकूद एलएनसीटी मे संपन्न



भोपाल। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रबंधन छात्रों के लिए 27 वी खेलकूद प्रतियोगिता एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई थी जिसका समापन 2 नवम्बर को किया गया । विजेता खिलाड़ियों को भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने पुरस्कार वितरण किए । प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर एलएनसीटी के संचालक प्रो अरविंद सिंह का आभार व्यक्त किया गया।

# दीया कुमारी ने विद्याधर नगर में जनसंपर्क के दौरान विपक्ष पर साधा निशाना

### कहा- दो नेताओं ने आपसी झगड़े में किया राजस्थान का नाश, सवाईमाधोपुर में कल किरोड़ी लाल मीणा के नामांकन में शामिल होंगीं दीया कुमारी


जयपुर, । दीया कुमारी कल सवाईमाधोपुर में इन्दिरा मैदान कलेक्ट्रेट के सामने सुबह 11 बजे किरोड़ी लाल मीणा के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगीं। इसके पश्चात उनियारा में दोपहर 1 बजे श्री विजय बैंसला की नामांकन सभा में भी सम्मिलित होंगीं। विद्याधर नगर में जनसंपर्क की शुरूआत की, विपक्ष को लिया आड़े हाथ विद्याधर नगर मंडल के गणेश पार्क से दीया कुमारी ने आज जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहा प्रेम और समर्थन विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में कमल ख़िलाने के मेरे संकल्प को और दृढ़ कर रहा है। दीया कुमारी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके दिग्गज नेता भी भाजपा से जुड़ने के लिए लाइन लगाए हुए हैं। इन्होंने आपसी झगड़ों में राजस्थान का नाश कर



दिया है। जब कोविड के दौरान जनता को इनकी जरूरत थी, तब 7 सितारा होटल में बैठे थे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग वोट करें, यह आपका अधिकार है और एक जनता के हित में सोचने वाली सरकार को चुनें। हम सभी को मिलकर कमल का फूल खिलाना है। इसके साथ ही दीया कुमारी ने जनसंपर्क में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के मुरलीपुरा मंडल के वार्ड 2 में आराध्य प्रभु श्री राम जी का आशीर्वाद लिया तथा जनता-जनार्दन से सहयोग और समर्थन मांगा।

## अपील

समस्त जिलों के औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों से अपने नैतिक दायित्व का निर्वाह करने एवं अति आवश्यक कार्य करने का विनम्र निवेदन है कि अपने-अपने संस्थान में कर्मचारियों से मतदान अवश्य करवाए। साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से आपके यहां जुड़े हुए हर व्यक्ति एवं उनके परिवार वाले को मतदान करने हेतु प्रेरित करे क्योंकि.......



(1)वर्ष 2008 में राजस्थान की नाथद्वारा सीट से सी. पी. जोशी मात्र एक वोट से चुनाव हार गय थे मज़े की बात ये हे कि उनके ड्राइवर को वोट डालने का समय नहीं मिला ।

(2)1776 में अमेरिका में एक वोट ज्यादा मिलने से जर्मन भाषा के स्थान पर अंग्रेज़ी राजभाषा बनी ।

(3)1998 में वाजपेयी सरकार मात्र एक वोट से गिर गयी थी

(4)1917 में सरदार पटेल अहमदाबाद म्यूनसिपल कारपोरेशन का चुनाव मात्र एक वोट से हार गये थे ।

(5)1923 में एक वोट ज्यादा मिलने से हिटलर नाज़ी पार्टी का प्रमुख बना ओर हिटलर युग की शुरुआत हुई ।

(6)1875 में फ्रांस में मात्र एक वोट से राजतंत्र के स्थान पर गणतंत्र आया ।।

अतः मतदान से राष्ट्रीय उत्थान एवं क्रांतिकारी बदलाव संभव है तथा

मतदान हमारा अधिकार ही नहीं नैतिक कर्तव्य भी है। सभी संगठन के पदाधिकारीयों से उक्त अपील एवं सविनय निवेदन।।

विरेन्द्र पोरवाल

मालवा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स इन इंडस्ट्री मध्य प्रदेश।

फेडरेशन का मध्य प्रदेश चैंबर ऑफ़ कॉमर्स इन इंडस्ट्री भोपाल।

टैक्सटाइल एसोसिएशन ऑफ़ (इंडिया) मध्य प्रदेश यूनिट इंदौर।

कान्फ्रेंडेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स इंदौर संभाग।

## स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु निकाली वाहन रैली



**अमरवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा के निर्देशों के परिपालन में विधानसभा क्षेत्र 123 अमरवाड़ा में शिक्षा विभाग द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। अनु विभागीय अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर एम करण धुर्वे व तहसीलदार अमरवाड़ा द्वारा तहसील परिसर से हरी झंडी दिखाते हुए स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु वाहन रैली को रवाना किया गया।वाहन रैली में स्वीप नोडल अधिकारी एवं बीआरसी अजय कुमार शर्मा बी ए सी राजकुमार विश्वकर्मा, महेंद्र झरिया सहित समस्त जनशिक्षक एवं शिक्षक गण आदि शामिल हुए। नारो के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु संदेश दिया गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम ग्राउंड अमरवाड़ा पहुंच वाहन रैली का समापन किया गया।

## 4 नवंबर को विद्या भूमि नो मेलो 2023

**छिंदवाड़ा।** विद्या भूमि पब्लिक स्कूल में विद्याभूमि नो मेलो 2019 का रंगारंग शुभारंभ 4 नवम्बर शनिवार को हो रहा है। यह आयोजन प्रातः 11.30 बजे से सम्पन्न होगा। इस अवसर पर विज्ञान, कला प्रदर्शनी सहित अनेक गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। जिसमें छात्रों द्वारा निर्मित मॉडलों एवं कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद सभी बच्चों व पालकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित आनंद मेले का आयोजन किया जायेगा।

## पुलिस प्रशासन द्वारा तामिया एवं माहुलझिर में किया गया एरिया डॉमिनेशन व फ्लैग मार्च



**जुन्नारदेव।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में एरिया डामिनेशन की कार्यवाही हेतु विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के अंतर्गत थाना तामिया तथा माहुलझिर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।एरिया डॉमिनेशन एवं फ्लैग मार्च के क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव अंतर्गत थाना तामिया तथा माहुलझिर के विभिन्न क्षेत्रो में जिला बल एवं केन्द्रीय पुलिस बल की सीएपीएफ एवं सीआरपीएफ कंपनी के बल द्वारा किया गया जिसमें फ्लैग मार्च में सम्मिलित अधिकारियों के द्वारा वल्नरेबल क्षेत्र, क्रिटिकल मतदान केन्द्र के भ्रमण, एरिया डामिनेशन तथा नगर व कस्बे के संवेदनशील क्षेत्रो में पैदल पेट्रोलिंग की कार्यवाही की गई। एरिया डॉमिनेशन एवं फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन व निर्देशन में विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के अंतर्गत थाना तामिया तथा माहुलझिर के विभिन्न क्षेत्रो में अनुविभागीय अधि. (पुलिस) जुन्नारदेव, थाना प्रभारी तामिया एवं माहुलझिर, सीएपीएफ / सीआरपीएफ अधिकारी भी वाहन सहित सम्मिलित रहें।

# छिंदवाड़ा में बीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में

## मुख्य मुकाबला कमलनाथ-बंटी साहू के बीच








छिन्दवाड़ा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिले के 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आज 20 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली गई है। इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 122-जुन्नारदेव के 2, 124-चौरई के 2, 126-छिंदवाड़ा के 9, 127-परासिया का एक और 128-पांढुर्णा के 6 अभ्यर्थी शामिल हैं, जबकि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 123-अमरवाड़ा में किसी अभ्यर्थी द्वारा अभ्यर्थिता वापस नहीं ली गई है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 125-सौंसर के निर्दलीय अभ्यर्थी श्री गणेश घाटोडे और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 126-छिंदवाड़ा के निर्दलीय अभ्यर्थी श्री नितिन वर्मा द्वारा अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 122-जुन्नारदेव में निर्दलीय अभ्यर्थी श्री उईके रामदास और जोहरीलाल युवनाती, 124-चौरई में निर्दलीय अभ्यर्थी सुश्री प्रियंका बंटी पटेल और श्री अंधकुमार टेकाम, 126-छिंदवाड़ा में संयुक्त क्रांति पार्टी के अभ्यर्थी श्री श्रीचंद चौरिया, जनसेवा गोंडवाना पार्टी की अभ्यर्थी सुश्री नेहा बानिया, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी के अभ्यर्थी श्री कपिल सोनी और निर्दलीय अभ्यर्थी सर्वश्री सुलतराम उइके, रूपेश मोहबे, सुश्री किरण कुमरे, हेमेन्द्र गोहर, अब्दुल जाहिद मंसूरी व मिथुन धुर्वे, 127-परासिया में निर्दलीय अभ्यर्थी श्री मुकेश पहाडेकर तथा 128-पांढुर्णा में निर्दलीय अभ्यर्थी सर्वश्री कमलेश उईके, अनिल कुमरे, केवलराम उईके, सुखदेव पिता रतन सरेयाम, विनोद धुर्वे व प्रहलाद सिंग कुसरे द्वारा अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली गई है।

# चौरई कांग्रेस में विद्रोह, बंटी पटेल ने कमलनाथ की बात नहीं मानी









**छिन्दवाड़ा।** जिले की विधानसभा चौरई की राजनीति में नाम वापसी के अंतिम दिन दूसरा बड़ा धमाका भी हो गया है। भाजपा ने यहां पहले रमेश दुब की जगह लखन वर्मा को टिकट देकर भाजपा की राजनीति में भू -चाल खड़ा कर दिया था वही अब नामांकन रैली में अजब-गजब की स्ट्रेंथ दिखाकर चुनाव मैदान में ताल ठोंकने वाले बंटी पटेल ने निर्दलीय मैदान में आकर कांग्रेस की राजनीति में दूसरा बड़ा भू- चाल लाकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मुश्किलें बढ़ा दी है। छिन्दवाड़ा में भाजपा के बंटी साह वैसे ही कमलनाथ की मुश्किलें बढ़ाए बैठे हैं वही अब कांग्रेस के बंटी पटेल भी चौरई से मैदान में उतरकर नई मुश्किल खड़ी कर गए हैं। उनके कदम से लग रहा है कि चौरई की राजनीति नए करवट में है। कांग्रेस के सुजीत चौधरी और भाजपा के रमेश दुबे को छोड़ यहां की राजनीति नया कलेवर मांग रही है। जिसके अगुआ बंटी पटेल और लखन वर्मा बन गए हैं। बंटी के मैदान में होने से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। अब कांग्रेस के सुजीत चौधरी के लिए राह आसान नही है। उनके पांच साल के कार्यकाल की कार्य प्रणाली से ही शायद इस बगावत ने जन्म लिया है।

पूरे पांच साल विधायक रहते सुजीत चौधरी कांग्रेस कार्यकताओं को ही संतुष्ट नही रख पाए हैं। आरोप है कि विधायक से बड़े स्तर का तो क्या थाना तहसील स्तर तक का कामकाज तक नही निपट पाया था। ऐसे में बंटी पटेल कबके नेता बन चुके थे इसका आकलन ही कांग्रेस नही कर पाई। टिकट की मांग में बंटी पटेल का पलड़ा भारी था मगर कांग्रेस में खाता ना बही कमलनाथ जो बोले वो सही की कार्यप्रणाली यहां नया नेतृत्व उभरने नही दे रही थी किन्तु अब सब कुछ जनता के हाथ है वही जनता जो कमलनाथ को भी नेता बनाती हैं।

बंटी पटेल यहां दोनों तरफ के आक्रोश खाए नेताओ के दम पर तीसरा रास्ता अपनाकर विधानसभा के राजपथ की दौड़ में मैदान में डट गए हैं। लाख मान-मनोव्वल के बाद भी उन्होंने अपना ट्रेंड नही बदला नामांकन रैली में जो कहा था वो किया है। उन्होंने यहां टिकट बदलने की मांग के साथ कांग्रेस से बी फार्म मांगा था। अब कांग्रेस के पंजे और भाजपा के कमल के बीच उन्होंने अपना ट्रक अड़ा दिया है। बंटी पटेल को ट्रक चुनाव चिन्ह मिला है। किसान आंदोलन के दौरान एस डी एम के मुंह मे कालिख पोतने के मामले ने बंटी पटेल को चर्चित किया था। इस मामले में वे रासुका में 9 माह तक जेल में भी रहे थे। चौरई में उनके मैदान में होने से मुकाबला त्रिकोनीय हो गया है। भाजपा के लखन वर्मा कांग्रेस के सुजीत चौधरी और अब कांग्रेस के बागी बंटी पटेल ने चौरई का मुकाबला रोचक बना दिया है। चौरई में कांग्रेस के लिए यह पहला मौका है जब उसे बगावत का सामना करना पड़ेगा।

### 13 उम्मीदवार मैदान में ....

नाम वापसी के बाद चौरई से 13 उम्मीदवार मैदान में है। इनमे भारतीय लखन कुमार वर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस चौधरी सुजीत मेरसिंह, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ईश्वर सिंह ते काम, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी कपिल सोनी, समाजवादी पार्टी लोधी विपिन वर्मा और निर्दलीय टेकाम, गोपाल सिंह डेहरिया, नीरज ठाकुर (बंटी पटेल), पवनशाह सरयाम, मसऊद अहमद, रवि, लवकेश डेहरिया, लक्ष्मीनारायण जगन्नाथ सिंह लोधी व विक्रम अपना भाग्य आजमाएंगे। यहां एक मात्र नाम बंटी पटेल की पत्नी प्रियंका पटेल ने अपना नाम वापस लिया है। 2 लाख 18 हजार मतदाता और 272 मतदान केंद्र वाली ग्रामीण बाहुल्य चौरई के पिछले चुनाव में सुजीत चौधरी को 78 हजार 415 रमेश दुबे को 65 हजार 411 वोट मिले थे। रमेश दुबे यह चुनाव 13 हजार 4 वोट से हार गए थे।

## 6 वाहन संचालकों से 69500 रूपये की शमन शुल्क जुर्माना राशि जमा

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में विधानसभा चुनाव में जारी आदर्श आचरण संहिता में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है तथा इन निर्देशों को संज्ञान में लेते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया द्वारा अपने जाँच दल को निर्देशित करते हुए विभिन्न मार्गो पर जाँच कार्यवाही करवाई गई। इसमें जाँच के दौरान लगभग 5 वाहन नियम विरुध्द संचालित पाये जाने पर 6 वाहन संचालकों से शमन शुल्क जुर्माना राशि 69 हजार 500 रूपये जमा करवाते हुए वाहन मुक्त किये गये । संबंधित वाहन संचालकों पर यथास्थान जुर्माना की कार्यवाही की गई तथा एक यात्री बस बिना परमिट व फिटनेस के संचालित पाये जाने पर परिवहन कार्यालय में जप्त की गई।

## भाजपा युवामोर्चा कर रहा नव-मतदाताओं से संपर्क



छिंदवाड़ा। भारतीय जनता युवामोर्चा छिन्दवाड़ा ज़िला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा ने छिन्दवाड़ा नगर में युवाओं के मन मोदी के अन्तर्गत युवामोर्चा साथीयो के साथ नव-मतदाताओ से संपर्क व उनकी बैठक कर उन्हें भाजपा सरकार द्वारा युवाओं के लिए किए कार्यों व चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराते हुए भाजपा को अपना पहला मतदान करने का आग्रह किया। बैठक में भाजयुमो अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा,नगर महामंत्री आकाश सूर्यवंशी,विजय ठाकरे,सुमित दीक्षित,शुभम पाल,रिंकु साहू व अन्य

## केंद्रीय व्यय प्रेक्षक द्वारा एकीकृत ज़िला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण



छिन्दवाडा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा और सौंसर के लिए नियुक्त केंद्रीय व्यय प्रेक्षक डी.के.श्रीवास्तव और विधानसभा क्षेत्र परासिया और पांढुर्णा के लिए नियुक्त केंद्रीय व्यय प्रेक्षक श्री पुरुषोत्तम कुमार द्वारा आज ई-दक्ष केंद्र में स्थापित एकीकृत जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसमें मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के अंतर्गत मीडिया मॉनिटरिंग कार्य, 1950 कॉल सेंटर, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, सी-विजिल मॉनिटरिंग टीम आदि के द्वारा किए जा रहे मॉनिटरिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न तरह के मॉनिटरिंग कार्य के लिए नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा की, मॉनिटरिंग की प्रक्रिया समझी तथा सभी तरह के दैनिक प्रतिवेदन उनसे साझा करने के निर्देश दिए। केंद्रीय व्यय प्रेक्षकों द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार कराए गए एकीकृत जिला स्तरीय

## पूर्व निगम महापौर श्रीमती कांता सदारंग ने भाजपा प्रत्याशी समर्थन में किया



छिंदवाड़ा । पूर्व नगर निगम महापौर श्रीमती कांता सदारंग ने नगर मंत्री श्रीमती पूनम कटरे, पार्षद श्रीमती संगीता उइके, पूर्व पार्षद संध्या चौरसिया, श्रीमती शीला कुमरे, श्रीमती लमिया मरावी, श्रीमती सोमती सिंगारे, श्रीमती जयंती राय, पीताम्बरी गोनेकर, सुश्री हेमा क्षेत्री, श्रीमती दीपिका सल्लामे के साथ नगर निगम क्षेत्र के वार्डो में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में जनसंपर्क किया एवं श्रीमती सदारंग ने वार्ड में संपर्क के दौरान नगर निगम में भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो को बताया तथा भाजपा की जनहितैशी योजनाओं की जानकारी दी । इस अवसर पर संगीता कपाले, शिखा कपाले, नीलिमा भोंडे, सुखवती रिवारे, सुनीता सिंगोतिया, शोभा घोघरे, उर्मिला ठाकरे, मंगला ठाकरे, पुष्पा राउत सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही ।

## कुंए में मिला बाघ का शव

### वन अमले ने बाहर निकाला, घटना की जांच में जुटा




छिंदवाड़ा। पूर्व वनमंडल के चौरई वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंगोड़ी में एक किसान के खेत में बाघ का शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर वन विभाग का अमला पहुंचा और कुंए से बाघ का शव निकाला गया विभाग इसकी जांच कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिशुपाल रघुवंशी के खेत के कुंए में गुरूवार को सुबह 2 वर्ष के मादा शावक का शव तैरता देखा गया जिसको देखते ही किसान ने वन विभाग को जानकारी दी। सूचना के बाद सीसीएफ सहित समूचा वन अमला पहुंचा और मृत अवस्था में बाघ के शव को कुंए से बाहर निकाला। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हे वहीं बाघ के शव को देखने के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन अमले की गस्ती समय समय पर नहीं होने से जंगल के खूंखार वन्य प्राणी गांव के तरफ आ रहे हैं ऐसे में वन्य प्राणी ग्रामीणों पर हमला कर नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह क्षेत्र पेंच नेशनल पार्क के बफर जोन से लगा हुआ है ऐसे में यहां आए दिन वन्य प्राणियों के आने का खतरा बना रहता है। इस क्षेत्र में यह कोई पहला मामला नहीं हैं ऐसी और भी घटनाएं हो चुकी हैं।

## आदिवासी बालक आश्रम हर्रई से गेहूं बेचने ले जाने का वीडियो वायरल



**अमरवाड़ा।** ग्रामीण अंचल क्षेत्र के हर्रई विकासखंड के अंग्रेजी माध्यम के आदिवासी बालक आश्रम से गेहूं निकालकर गाड़ी में भरकर अन्यत्र जगह ले जाने का वीडियो वायरल हो रहा है और दावा किया जा रहा है कि उक्त छात्रावास के अधीक्षक द्वारा गेहूं को बेचेने ले जाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर को शाम के समय लगभग 5 बजे के आसपास बताया जा रहा है कि छात्रावास के अधीक्षक द्वारा एक लेवर सहित ऑटो छात्रावास में बुलवाकर लगभग 18 कट्टी गेहूं उक्त ऑटो में भरकर अन्यत्र जगह ले जाया गया है। जिसको इस वीडियो में गेहूं की बोरियों को गाड़ी में भरते हुए साफ-साफ देखा जा सकता है। हालांकि बताया जा रहा है कि गेहूं रखकर और कहीं ले जाकर बेचने का यह वीडियो काफी वायरल हो गया है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी यह सूचना नहीं दी गई कि गेहूं की बोरियों को कहां ले जाया जा रहा है। इसको लेकर अब उक्त अधीक्षक पर कड़ी कार्यवाही और रिकवरी की मांग की जा रही है। हालांकि अब यह देखना होगा कि खबर प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग लापरवाह अधीक्षक पर क्या कार्यवाही कर पता है।

### हॉस्टल में नहीं अतिरिक्त कक्ष से ले जाया गया गेहूं

आश्रम के तत्कालीन अधीक्षक शंकरलाल मांझी का कहना है कि गेहूं को हॉस्टल से नहीं अतिरिक्त कक्ष से ले जाया गया है और उनका कहना है कि एक ग्रामीण की गेहूं अतिरिक्ष कक्ष में सूख रही थी। जिसके बाद भरकर उनको ऑटो में ले जाया गया। अब संदेह इस बात पर उठता है कि क्या शासकीय भवनों में आम लोगों की गेहूं को खुलेआम सुखाया जा सकता है और उन्हें अंदर ही अंदर भरकर गाड़ियों में भी ले जाया जा रहा है। इससे या तो संबंधित स्कूल प्रशासन या फिर स्वयं अधीक्षक संदेह के घेरे में नजर आ रहे हैं। संबंधित मामले पर उक्त विभाग यदि बारीकी से जांच करें तो सभी चीजे स्पष्ट हो पाएंगी।

### इनका कहना

उक्त मामले पर आपसे ही जानकारी मिली है। मामले की बारीकी से जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संकल्प वेलफेयर ने दिव्यांग बहनों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

### शिक्षण सामग्री पाकर बच्चियों के चेहरों पर आई मुस्कान



छिंदवाड़ा । अग्रणी सामाजिक संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा सी डब्ल्यू एस एन दिव्यांग कन्या छात्रावास में संस्था के युवा मार्गदर्शक भाई मोहित गोहिया की सुपुत्री शिवि एवम दीप्ति का जन्मदिन संकल्प परिवार ने दिव्यांग बहनों के स्वास्थ्य, दंत परीक्षण शिविर का आयोजन कर मनाया । शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भोला यादव ने दिव्यांग बहनों का दंत परीक्षण किया एवं बच्चों को टूथपेस्ट, शिक्षण सामग्री कंपास बाक्स,पेंसिल, पेन, स्केल, रबर,एरेजर आदि प्रदान कर स्वरुचि भोज कराया तत्पश्चात सभी बहनों को दंत रोग चिकित्सक डॉक्टर भोला यादव ने अपने दांतों की नियमित साफ-सफाई कैसे रखते हैं सुबह-शाम ब्रश करने एवं दांतों की बीमारियों से कैसे बच सकते हैं इस पर जानकारी प्रदान की संस्था के वरिष्ठ मार्गदर्शक विनोद तिवारी ने बच्चो को अच्छी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही यह भी कहा की जब कभी भी स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबधी जरूरत इन बच्चो को लगे तो सेवा संकल्प संकल्प परिवार आपके साथ है ,मोहित अमरसिंह गोहिया ने कहा कि संस्था ऐसे पुनीत कार्य करती है हम संस्था के सभी पदाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं आपने हमें इस सेवा कार्य से जोड़ा है डा चंद्रकांत विश्वकर्मा , संदीप अग्निहोत्री एवम ने कहा संकल्प सोसाइटी के माध्यम से हम जरूरतमंद के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है कार्यक्रम का संचालन मनीष तिवारी ने किया उक्त कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ मार्गदर्शक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ समाजसेवी विनोद तिवारी संस्था अध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा,संस्था सचिव संदीप अग्निहोत्री, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आराधना शुक्ला ,सचिव श्रीमती लता नागले, अमरसिंह गोहियां,शांतिलाल गोहिया, विमला, सुधीर, स्वाति, मोहित गोहिया, मनीष तिवारी,नंदू निर्मलकर, डा महेश बंदेवार, आराधना पाटिल, एड.आशीष द्विवेदी, डा देवीसिंह भावना बनारसे आदि उपस्थित रहे ।

# ये कैसे भाई 18 सालों में कभी बहनों की याद नहीं आई: नकुलनाथ

## अमरवाड़ा अंचल में सांसद ने पंद्रह ग्रामों में किया रोड शो



**छिन्दवाड़ा।** जिले के सांसद नकुलनाथ ने आदिवासी बाहुल्य अंचल के पन्द्रह दूरस्थ ग्रामों में अपना धुंआधार जनसम्पर्क करते हुये ग्रामीणजनों से सौजन्य भेंट कर कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश शाह को पुनः सफल बनाने की अपील की । सांसद ने अपने रोड शो के दौरान अपनी नुक्कड़ सभाओं में महिलाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हर मंच से जिले एवं प्रदेश की महिलाओं को अपनी बहन, अपनी भांजी बताने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री जनता को बतायें कि ठीक चुनाव के समय इन्हें बहनों की याद आई है पिछले 18 वर्षों से गरीबी, महंगाई और महिला अत्याचार झेल रही महिलाओं की इन्होंने कभी सुध नहीं ली। नकुलनाथ ने कहा कि जब कमलनाथ ने प्रत्येक महिलाओं को 15 सौ रुपये प्रतिमाह और पांच सौ रुपयों में रसोई गैस सिलेण्डर देने की घोषणा की तब इनके अन्दर का भाई जागा और बहनों के वोट लेने के लिये यह तरह-तरह के प्रलोभन देने लगे हैं। सांसद नरे यह भी कहा कि जिला सहित पूरे प्रदेश की जनता यह पूछ रही है कि बहनों को कब तक गुमराह करोगे। जबकि इसके विपरीत श्री कमलनाथ ने अपने प्रदेश की बेटी, बहन, मां और बुजुर्ग दादी, नानी तक की चिंता करते हुये सम्पूर्ण वर्ग के विकास के लिये 101 वचन दिये हैं जो प्रदेश में कमलनाथ सरकार बनते ही पूरे किये जायेंगे। सांसद नकुलनाथ ने ग्राम खुलशान, खिरेटी, मोहली माता, कहुआ, हिर्रीपठार, कुम्हडी व छिन्दी में जनसम्पर्क कर सभी से कांग्रेस को सफल बनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि आपका एक वोट दो-दो काम करेगा आपके एक ही वोट से कमलेश शाह विधायक बनेंगे और कमलनाथ मुख्यमंत्री बनेंगे।

### देश कोराना से जूझ रहा था, भाजपा सरकार बनाने में लगी थी: प्रियानाथ

**छिन्दवाड़ा।** समूचा छिन्दवाड़ा जिला जानता है कि कोरोना संकट काल में कमलनाथ व नकुलनाथ ने किस तरह से अपने जिले वासियों के प्राणों की रक्षा के लिये दिन-रात संसाधन जुटाये। ऑक्सीजन, इंजेक्शन, टेबलेट और गरीब झुग्गी बस्तियों में भोजन उपलब्ध कराया यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि जिस गंभीर दौर में भाजपा को जानता के साथ होना था वो उस दौर में खरीद-फरोख्त की बिसात बिछा रहे थे। दूसरी ओर कमलनाथ व नकुलनाथ ने दलगत राजनीति से उठकर अनेकों कोरोना पीड़ित भाजपाइयों की भी मदद की और जमीन से जुड़े नेताओं की यही पहचान है। श्रीमती प्रियानाथ ने पांढुर्ना में आयोजित महिला सभा में व्यक्त किये। श्रीमती नाथ ने धनुष लॉन में आयोजित इस सभा में भाजपा की जनविरोधी नीतियों को लेकर अनेकों तीर चलाये। उन्होंने कहा कि नकुल-कमलनाथ जिले में महिला सशक्तीकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रति अत्याधिक गंभीर है। विगत माहों में नेताद्वय ने कोसमो फाउंडेशन के सहयोग से जिले में अनेकों मशीनें स्थापित करवाई है जिसके ना केवली हमारे जिले की महिलायें हुनरमंद हो रही है बल्कि उन्हें रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है।



## सवर्ण समाज की उपेक्षा और जातिवाद की राजनीति भाजपा और कॉग्रेस दोनों को मेहंगी पड़ेगी

**छिन्दवाड़ा।** आजादी के 75 वर्ष, बीतने के उपरांत भी आज भी हम बड़ी, बड़ी बाते कर रहें है, लेकिन राजनैतिक दल आज भी सत्ता प्राप्त करने वोटो के खातिर जातिवाद की राजनीति और देष के सभ्य और महाजन के टैक्स पेयर राशि का दुरूप्रयोग कर खुलेआम सरकारी लुट के माध्यम से वोट कवाड़ने लगे है। देष को बर्बाद करने में कॉग्रेस ने 65 वर्ष यही राजनीति की है। उसी राह पर भाजपा भी अपने विचारों और सिध्दांतो को छोड़कर जातिवाद, और फ्री बाटने की राजनीति वोट कवाड़ने के लिए कर रही है। तदाष्य के विचार रखते हुए करणी सेना परिवार के जबलपुर संभाग के अध्यक्ष अरूण प्रताप सिंह ने सवर्ण समाज से और देशभक्त नागरिकों को ऐसे राजनैतिक दलों को नकार कर उनकी स्वार्थी राजनीति का पर्दाफाश करें। श्री सिंह ने कहा कि जहॉ जातिवाद ने देष को कमजोर करने का प्रयास किया वहीं हिन्दू धर्म को तोड़ने का माध्यम बना। आज छिन्दवाड़ा जिले में भारतीय जनता पार्टी और कॉग्रेस दोनों ही दलों ने सवर्ण समाज के सक्षम योग्य और सर्मिपत नेता होने के बावजूद वोटो के खातिर जाति आधारित नैताओं को अपने दलों का प्रत्याशी बनाया हैं। जहा देश में आरक्षण के चलते 75 वर्षो में राजनैतिक दल हमारे अनुसूचित जाति, जनजाती भाईयों का भला नहीं कर पायें वहीं अब ओबीसी के नाम पर हिन्दू समाज को तोड़कर नया वर्ग पैदा करने की कौशिश की जा रही है, जबकि डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के संविधान में ओ.बी.सी आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं थी, वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति की व्यवस्था मात्र 10 वर्ष के लिए थी, लेकिन आजादी के 75 वर्ष वाद आरक्षण राजनैतिक दलों के वोट कवाडने का हथियार बन चुकी हैं। जिससे अब इन समाज का भी कोई भला हीं हो रहा बल्कि देश में जातिवाद के नाम पर अराजक्ता और दंगो की स्थिति बन रही है। जिस दिन सवर्ण समाज सड़को पर उतरेगा, तब देश की स्थिति क्या होगी, इस पर विचार करने की आवष्यकता है।

**आम-सूचना**

क्रमांक 605 / राजस्व / भो.वि.प्रा / 2023
भोपाल दिनांक 14 / 09 / 2023

प्राधिकरण की जमालपुरा योजना में स्थित जमालपुरा योजना में मकान नं.-54 ई. डब्ल्यू. एस. श्री प्रकाश तिवारी आ. श्री एन. एल. तिवारी (नन्हे लाल तिवारी) के नाम पर आवंटित है। आवंटी के मुख्तारआम श्री वकील अहमद आ. श्री एम.एल. बाकी साहब सांकिन के द्वारा उक्त भवन को पंजीकृत कार्यालय के रजिस्ट्री विक्रय पत्र दि. 07 / 08 / 1989 को कार्यालय के बिना अनुमति के श्री मनोहर लाल लालवानी आ. श्री दयाराम लालवानी को विक्रय कर दिया के द्वारा आवेदन पत्र,शपथ पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, अन्य प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति को अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल।**

# विधानसभा चुनाव के बाद होगी सरकारी स्कूलों की चौथीं से आठवीं तक की छमाही परीक्षाएं

**भोपाल।** अब सरकारी स्कूलों की चौथीं से आठवीं तक की छमाही परीक्षाएं अब विधानसभा चुनाव के बाद होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने छह नवंबर से 18 नवंबर तक सरकारी स्कूलों की चौथीं से आठवीं कक्षा की छमाही परीक्षाओं की तारीख घोषित की थी, लेकिन विधानसभा चुनाव 17 नवंबर को होने के कारण परीक्षा को निरस्त कर दिया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में लिखा है कि विधानसभा चुनाव के कारण छमाही परीक्षा निरस्त की जाती है। अभी नई तारीख की घोषणा नहीं की गई है। समय-सारिणी शीघ्र घोषित की जाएगी। वहीं अधिकारियों का कहना है कि अब दिसंबर के दूसरे सप्ताह में छमाही परीक्षाएं होने की संभावना है।



गोविंदपुरा से कांग्रेस प्रत्याशी रविंद्र साहू ने नंदी पर सवार हो कर जनसंपर्क किया।

# तस्करों ने पेड़ों पर टांग रखे थे अवैध शराब के कुप्पे, आबकारी अमले ने दी दबिश



**भोपाल।** विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सीमाओं पर सघन चेकिंग की जा रही है। सर्चिंग भी बढ़ा दी गई है। इसी सिलसिले में आबकारी विभाग का अमला भी अवैध शराब के ठिकानों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। शहर की सीमाओं पर तस्करों ने अवैध शराब के ठिकाने बना रखे हैं। एक जगह पर तो तस्करों ने शराब के कुप्पे और ड्रम जमीन में गाड़ रखे थे तो वहीं पेड़ों पर भी कुप्पे टांग रखे थे। जानकारी लगते ही गुरुवार को आबकारी की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए सात लाख 20 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब बरामद की है। साथ ही 19 प्रकरण दर्ज किए हैं।

आबकारी कंट्रोलर राजेंद्र जैन ने बताया कि विधानसभा चुनाव के तहत अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, विक्रय और परिवहन करने वालों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत गुरुवार को आबकारी विभाग की टीम ने शहर की सीमा पर स्थित मुगालिया कोट, सूखीसेवनिया, बालमपुर घाटी, खेरियाई टपरा, प्रेमपुरा, अमोनी भदभदा में दबिश देकर पठार पर, नाला किनारे, झाड़ियों और जमीन में गड़े, पेड़ों पर टंगे कुप्पों एवं ड्रमों को बरामद किया है। जिनमें से 634 लीटर हाथभट्टी मदिरा और छह हजार 55 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया है। जिसकी कीमत सात लाख 20 हजार रुपये हैं। इस कार्रवाई के दौरान आरोपित ज्योति बाई, राजू बाई सहित 19 के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।

# 10 से 20 रुपये किलो घटे प्याज के दाम, लेकिन आमजन की खरीद से अब भी बाहर

**भोपाल ।** शहर में प्याज के दाम 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचे ही भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) ने



अपना भंडार खोल दिया है।इसका असर थौक और फुटकर प्याज बाजार में दिखने लगा है।प्याज के दाम 10 से 20 रुपये किलो कम तो हो गए हैं, लेकिन अब भी यह आमजन की खरीद से बाहर है।दरअसल नाफेड 25 रुपये प्रति किलो प्याज बेच रहा है। जबकि बाजार में अब भी 40 से 60 रुपये प्रति किलो प्याज के दाम चल रहे हैं।बता दें कि नाफेड द्वारा शहर में चार वाहनों से अलग-अलग क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति को दो किलो प्याज बेची जा रही है।यहां से प्याज खरीदने के लिए लोगों की कतारें तक लग रही हैं।झ

## अलग- अलग गुणवत्ता वाली प्याज उपलब्ध

शहर में मंडी के अंदर व्यापारियों के पास अलग-अलग गुणवत्ता वाली प्याज उपलब्ध है। यहां से फुटकर व्यापारी प्याज खरीदकर लाते हैं और फिर अपने हिसाब से दाम लगाकर लोगों को बेच रहे हैं। अभी तक यह अतिनिम्न गुणवत्ता वाली प्याज 30 से 40, निम्न गुणवत्ता वाली 40 से 60 और उच्च गुणवत्ता वाली प्याज 80 रुपये किलो तक बेच रहे थे।इसी बीच जब नाफेड ने प्याज बेचना शुरू किया तो उसके बाद अब व्यापारियों ने 35 से 40 और 60 रुपये किलो तक प्याज बेचना शुरू कर दी है।

## करोंद मंडी में प्याज के ट्रक उतारेगा नाफेड

नाफेड के द्वारा अभी वाहनों से प्याज बेची जा रही है, जो कुछ ही स्थानों पर लोगों को मिल पा रही है। बाजार में प्याज के बढ़े हुए दामों को नियंत्रित करने के लिए नाफेड जल्द ही अपने भंडार से प्याज के ट्रक करोंद मंडी में उतारेगा। इससे फुटकर व्यापारियों को कम दाम पर प्याज मिलेगी तो बाजार में बढ़े हुए दाम नियंत्रित हो जाएंगे।

# भोपाल में हुजूर से डागा का नामांकन वापिस, प्रदेश में 350 प्रत्याशी दौड़ से बाहर हुए, 230 सीटों के लिए ढाई हजार मैदान में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन साढ़े 3 सौ उम्मीदवारों ने अपने नाम वापिस ले लिये। अब कुल 2500 प्रत्याशी मैदान में बचे है, जो 230 सीटों पर अपना भाग्य आजमाएंगे। इसमें कांग्रेस एवं बीजेपी सभी सीटों पर चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक प्रमुख दलों बीजेपी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मान-मनौव्वल में लगे रहे। कई स्थानों पर उन्हें सफलता मिली, कुछ स्थानों पर उनके हाथ कुछ नहीं लगा। बीजेपी बुरहानपुर से खंडवा से सांसद रहे स्व. नंदकुमार चौहान के पुत्र को नहीं मना सकी। अब उनके पुत्र हर्षवर्धन चौहान बुरहानपुर से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में है। इससे बीजेपी के लिये मुश्किलें बढ़ गयी है। इधर, भोपाल की हुजूर सीट से कांग्रेस ने जितेन्द्र मन्नू डागा को मना लिया है। उन्होंने अपना नाम वापिस ले लिया है। वहीं सिवनी- मालवा से कांग्रेस के विद्राही ओम रघुवंशी ने नाम वापिस नहीं लिया है। बीजेपी के मोती कश्यप ने नाम वापिस ले लिया।

नामांकन वापसी प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गज अपने बागी नेताओं के मान मनौवल में जुटे हुए थे। दोनों दल कुछ हद तक इसमें सफल हुए तो कुछ प्रत्याशियों ने अपना फैसला बदलने से इनकार कर दिया। खंडवा से सांसद रहे स्वर्गीय नंद कुमार चौहान के बेटे हर्ष सिंह चौहान बुरहानपुर से चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी ने उन्हें मनाने की कोशिश की पर वह नहीं माने। वहीं भोपाल उत्तर सीट पर कांग्रेस विधायक आरिफ अकील के भाई आमिर अकील भतीजे आतिफ अकील के सामने चुनाव लड़ेंगे। आमिर अकील को चुनाव आयोग से चुनाव निशान हॉकी- बॉल मिला है। भोपाल उत्तर से काजी रहमान ने भी अपना नाम वापिस ले लिया।

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 2 नवंबर को 350 से अधिक अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र वापस लिये हैं। लगभग 2500 से अधिक अभ्यर्थी निर्वाचन के लिए शेष बचे हैं। यह अंतिम जानकारी है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 21 अक्टूबर से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई थी। 2 नवंबर को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। 17 नवंबर को पूरे प्रदेश में एक ही चरण में मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी तथा 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

भोपाल की हुजूर विधानसभा सीट पर कांग्रेस पूर्व विधायक जितेंद्र डागा ने नाम वापस लेने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी को राहत मिली है। बता दें कि ज्ञानचंदानी डागा के चुनाव कार्यालय पहुंचे थे और भावुक हो गए थे। उनके ऑखों में आंसू आ गये, जिसके बाद डागा ने उनके आंसू पोछे। पिछ्ले दो दिनों से कांग्रेस के दिग्गज नेता बागी नेताओं को नामांकन वापस लेने के लिए जोर लगाते रहे। इसमें हुजूर विधानसभा में उनके प्रयास सफल हो गए, लेकिन उत्तर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बागियों को समझाने के लिए अंतिम समय तक जोर लगाया। इस बीच आमिर अकील और नासिर इस्लाम के नामांकन वापस लेने को लेकर अटकलें लगती रही, लेकिन उन्होंने अपना फॉर्म वापस नहीं लिया। आमिर अकील को को हॉकी बॉल चुनाव चिन्ह दिया गया है। आमिर अकील ने कहा कि उनका मुकाबला उनके भजीते से नहीं पूर्व महापौर आलोक शर्मा से है।

नर्मदापुरम संभाग में सिवनी मालवा में कांग्रेस से पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी ने निर्दलीय नामांकन वापस नहीं लिया। वहीं होशंगाबाद सीट से भाजपा नेता भगवती प्रसाद चौरे (निर्दलीय) ने भी नामांकन वापस नहीं लिया है। भगवती प्रसाद पूर्व जनपद अध्यक्ष रहे हैं। बैतूल जिला की भैंसदेही विधानसभा सीट से भाजपा नेता डॉ. महेंद्र सिंह चौहान ने निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल किया था, उन्होंने अपना नाम वरिष्ठ नेताओं के समझाने के बाद वापस ले लिया। महाकौशल क्षेत्र के नरसिंहपुर जिला की गोटेगांव विधानसभा सीट से कांग्रेस नेता शेखर चौधरी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। शेखर चौधरी को कांग्रेस ने पहले प्रत्याशी बनाया था, लेकिन बाद में उनका नाम काट कर विधायक एनपी प्रजापति को दोबारा प्रत्याशी बना दिया। चौधरी इससे नाराज थे, उन्हें मनाने में कांग्रेस नेता सफल नहीं हुए।



इसी प्रकार जबलपुर की बरगी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी आदिवासी नेता मांगीलाल और पूर्व विधायक शोभरन सिंह के बेटे जयकांत सिंह ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां पर कांग्रेस ने विधायक संजय यादव को प्रत्याशी बनाया है। सीहोरा विधानसभा सीट पर कांग्रेस नेता डॉ. संजीव बरकड़े गोड़वाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे है। यह कांग्रेस से टिकट मांग रहे थे। सीहोरा और पनागर से पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया ने नामांकन भरा था। उन्होंने अपना फॉर्म वापस ले लिया है। वहीं, सीहोरा से दो बार कांग्रेस प्रत्याशी रह चुकी जमुना मरावी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। जबलपुर उत्तर मध्य सीट से के भाजपा नेता और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने सीएम के कहने पर नाम वापस ले लिया है। कटनी जिले की बड़वारा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में फार्म भरने वाले भाजपा सरकार के पूर्व मंत्री और विधायक मोती कश्यप ने नामांकन वापस ले लिया। वहीं, मुड़वारा विधानसभा सीट से जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने फार्म वापस लिया। यह भाजपा से टिकट मांग रहे थे।

डिंडौरी जिले की शहपुरा सीट से भाजपा से बागी हो नामांकन करने वाले डिंडौरी भाजपा मंडल के महामंत्री मदन सिंह परस्ते ने नामांकन वापस लिया। शहपुरा से कांग्रेस से बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे तोप सिंह मरावी ने भी नामांकन वापस लिया। मंडला सीट से भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक शिवराज शाह और निवास सीट से कांग्रेस पार्टी के भूपेंद्र बरकडे ने अपना नामांकन वापस ले लिया। टीकमगढ़ सीट से भाजपा के पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। पन्ना विधानसभा सीट पर कांग्रेस से पूर्व विधायक श्रीकांत द्विवेदी ने निर्दलीय नामांकन पत्र भरा था, उन्होंने नाम वापस ले लिया है। इधर, छतरपुर की चंदला विधानसभा सीट से भाजपा वर्तमान विधायक राजेश प्रजापति के टिकट कटने पर आरडी प्रजापति ने निर्दलीय आवेदन फॉर्म भरा था, उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। बिजावर विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक रेखा यादव भाजपा से टिकट मांग रही थी। समाजवादी पार्टी ने उन्हें टिकट दे दिया। उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया। वहीं, केशु राजा कांग्रेस से बागी निर्दलीय वापस ले लिया है।

रीवा जिले की मनगवां सीट से भाजपा विधायक पंचूलाल प्रजापति की पत्नी पन्नाबाई ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। पूर्व में झाबुआ में कांग्रेस को बड़ी सफलता, जेवियर मेडा ने बुधवार को नामांकन वापस ले लिया। वो झाबुआ से बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेवियर मेडा कमलनाथ और रणदीप सिंह सुरजेवाला के समझाने के बाद नामांकन वापस लेने को तैयार हो गए। यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धन सिंह बरिया अभी भी मैदान में है। उनके मैदान में रहने के कारण भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी भानु भूरिया की परेशानी बढ़ सकती है। मनावर सीट से पूर्व मंत्री रंजना बघेल ने नामांकन वापस ले लिया है। उनसे इंदौर में अमित शाह ने बात की थी।

इंदौर संभाग में महू विधानसभा सीट पर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए रामकिशोर शुक्ला के टिकट का विरोध कर रहे पूर्व कांग्रेस विधायक अंतर सिंह दरबार ने नामांकन वापस नहीं लिया है। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और बागी उम्मीदवार के रुप मे मैदान में बने है। अब महू में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। भाजपा ने दोबारा उषा ठाकुर को टिकट दिया है। दरबार लगातार तीन बार महू सीट से चुनाव हार चुके थे और इस बार भी टिकट मांग रहे थे। जोबट विधनासभा सीट पर भाजपा के पूर्व विधायक माधो सिंह डावर ने भाजपा उम्मीदवार विशाल रावत के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। उन्होंने नामांकन वापस नहीं लिया और निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है। वे भाजपा उम्मीदवार विशाल रावत की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे है। धार विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बागी कुलदीप बुंदेला और भाजपा के बागी राजीव यादव ने नामांकन वापस नहीं लिया, हालांकि यादव पर नामांकन वापसी का जर्बजस्त दबाव रहा, लेकिन वे नहीं माने। इसके अलावा तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता अखिलेश शाह ने भी नामांकन वापस ले लिया है।

शाजापुर से राजेंद्र सिंह जादौन, सुसनेर से रमेश चंद्र, मैहर से धीरेंद्र शर्मा, छिंदवाड़ा से नितिन रघुवंशी, सिंगरौली से लगांधारी, मैहर से प्रेमलाल, पथरिया से आशीष पटेल नामांकन विड्रॉ कर लिया है। वहीं इच्छावर से विष्णु वर्मा, इंदौर पांच से धीरज तलवार, महेश्वर से फूलचंद, डिंडोरी से अशोक, आष्टा से कैलाश बगाना, मानसा से सोमिल नाहटा, महेश्वर से शोभाराम, चंदला से आरडी प्रजापति ने भी नामांकन विड्रॉ कर लिया है। इसी प्रकार दमोह से अनूप कांत, मैहर से विकास त्रिपाठी, पथरिया से दीपा पटेल, बदनावर से रतन पाटीदार, मेहगांव से पन्नाबाई, गोटेगांव से भगवानसिंह और नरेला से पवन तिवारी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।

### भोपाल के हुजूर क्षेत्र में भाजपा व कांग्रेस के मध्य सीधी टक्कर, उत्तर में कांग्रेस के समीकरण बिगड़ने तय

भोपाल जिले की हुजूर विधानसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला होने का असमंजस गुरुवार को समाप्त हो गया। कांग्रेस से टिकट न मिलने से बागी हुए पूर्व विधायक जितेंद्र डागा को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आखिरकार मना लिया, जिसके बाद डागा ने नामांकन वापस ले लिया। यहां अब भाजपा के प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी के बीच ही सीधी टक्कर होगी।

सूत्रों के अनुसार दिग्विजय सिंह और डागा के बीच चली लंबी चर्चा के बाद डागा को प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर लाभ का पद दिए जाने के लिए कहा गया है। अब माना जा रहा है कि डागा का निर्दलीय चुनाव न लड़ने का फायदा भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों को सकता है। यदि डागा निर्दलीय चुनाव लड़ते तो कांग्रेस के साथ ही भाजपा वोट बैंक में सेंध लगाते, क्योंकि उनकी पकड़ हुजूर विधानसभा क्षेत्र में मजबूत है। वो वर्ष 2008 से 2013 तक भाजपा से विधायक रहे हैं। फिर भाजपा से नाराज होकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। क्षेत्र में निरंतर सक्रिय होने से कांग्रेस को मजबूत करने में काम रहे हैं। डागा के निर्दलीय चुनाव न लड़ने से भाजपा प्रत्याशी शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी ज्ञानचंदानी के चेहरे पर खुशी लौट आई है। दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों ने बुधवार को डागा को मनाने के प्रयास किए थे।

### उत्तर क्षेत्र में नहीं माने कांग्रेस के बागी

इधर, उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आतिफ अकील की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। विधायक आरिफ अकील बेटे आतिफ की जीत की राह में उनके ही चाचा आमिर अकील बाधक बनते हुए निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। वहीं उत्तर से ही कांग्रेस नेता नासिर इस्लाम परिवारवाद के विरोध के चलते निर्दलीय चुनाव में हैं। ऐसे में उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत के समीकरण फिलहाल बिगड़ गए हैं। दोनों बाकी नेताओं के अलावा आम आमदी पार्टी से मोहम्मद सऊद चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों मुस्लिम नेता निश्चित तौर पर कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगाएंगे। इसका लाभ भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा को मिलना तय माना जा रहा है।



दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा ने आज प्याज सहित तमाम वस्तुओं की महंगाई का मुद्दा उठाया।

# प्रदेश में अभी चार-पांच दिन तक गुलाबी ठंड, फिर लुढ़केगा रात का पारा

**भोपाल।** नवंबर माह की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन इस माह में मौसम के मिजाज के अनुरूप अभी ठंड शुरू नहीं हुई है। हालांकि, राजधानी सहित प्रदेश के शहरों में रात के समय गुलाबी ठंड बनी हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, हवाओं का रुख बार-बार बदलने से रात के तापमान में विशेष गिरावट नहीं हो पा रही है।



सात नवंबर को एक तीव्र आवृति वाले पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत आने के बाद मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। उससे हवाओं का रुख उत्तरी होने पर रात के तापमान में तेजी से गिरावट होने के आसार हैं।

बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात प्रदेश में सबसे कम 14.4 डिग्री सेल्सियस राजगढ़ में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 12 डिग्री सेल्सियस पर रहा। गुरुवार को प्रदेश में सबसे अधिक 35 डिग्री सेल्सियस तापमान नरसिंहपुर में दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एचएस पांडे ने बताया कि नवंबर माह में प्रदेश में न्यूनतम तापमान 10 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहता है। वर्तमान में हवाओं का रुख पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी, पश्चिमी, उत्तर-पश्चिमी हो रहा है।

इस वजह से रात के तापमान में विशेष गिरावट नहीं हो पा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पाकिस्तान के आसपास बना पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा के आसपास आ गया है। द्रोणिका के रूप में बना हुए इस पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता कम रहने से इस मध्य प्रदेश के मौसम पर नहीं पड़ रहा है।

# राजगढ़ में निर्दलीयों का भी रहा है बोलबाला, सात बार जीते चुनाव, भाजपा-कांग्रेस को किया पीछे

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले की राजनीति का अपना अलग ही मिजाज है। यहां समय-समय पर निर्दलीय उम्मीवारों का भी खूब बोलबाला रहा है। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से सात निर्दलीय उम्मीदवार विधानसभा पहुंचने में सफल रहे तो, दो बार प्रजा समाज पार्टी के प्रत्याशी सदन पहुंचे हैं। इसके अलावा खिलचीपुर में निर्दलीयों के कारण भाजपा-कांग्रेस तीसरे पर जा चुकी तो नरसिंहगढ़ में शिवसेना के चलते भाजपा को तीसरे स्थान पर जाना पड़ा था।

**न हाथी चिंघाड़ सका, न ही साइकिल चली-** कहने को भले ही गुना-ग्वालियर से सटा हुआ क्षेत्र है, लेकिन यहां पूरा असर मालवा का ही नजर आता है। यही कारण है कि न यहां अब तक हाथी चिंघाड़ सका न ही साइकिल चली, लेकिन समय-समय पर निर्दलीय जरूर अपना दम दिखाने में सफल रहे हैं। हालांकि पिछले 33 साल से तो भाजपा-कांग्रेस को छोड़कर निर्दलीय या दूसरे दलों के प्रत्याशी सदन का मुंह तक नहीं देख सके। अंतिम बार 1990 में भाजपा से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे डीएम जगताप ब्यावरा विधानसभा सीट से चुनाव जीतने में सफल रहे थे। इसके अलावा अन्य किसी को कहीं कोई मौका नहीं मिला।




**अब तक सात निर्दलीय व दो पीएसपी से पहुंचे सदन-** जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर अब तक सिर्फ सात लोग निर्दलीय व एक पीएसपी यानि की प्रजा समाज पार्टी से सदन पहुंचने में सफल रहे हैं। राजगढ़ विधानसभा से 1957 में रामकरण दुबे प्रजा समाज पार्टी से चुनाव जीतने में सफल रहे थे, 1962 में शिवप्रसाद सत्येंद्र खुजनेरी निर्दलीय चुनाव जीते थे। इसके अलावा ब्यावरा विधानसभा से पहला चुनाव 1957 में लक्ष्मणसिंह निर्दलीय जीतने में सफल रहे थे, तो 1962 का चुनाव रामकरण उग्र प्रजा समाज पार्टी से जीते थे।

तीसरा चुनाव जगन्नाथ सिंह निर्दलीय जीते थे व अंतिम बार 1990 में डीएम जगताप ने जीत दर्ज की थी। नरसिंहगढ़ में 1962 में भानू प्रकाश सिंह निर्दलीय जीतने में सफल रहे थे। खिलचीपुर में भी 1962 का चुनाव हरिसिंह पंवार निर्दलीय जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। सारंगपुर विधानसभा से 1977 में अमरसिंह मोतीलाल निर्दलीय चुनाव जीतकर सदन पहुंचे थे

जिले की कुछ विधानसभा क्षेत्रों में कई बार नर्दलीय उम्मीदवार खूब दंभ भरने में सफल रहे हैं। उन्होंने इतने वोट बटोरे की राष्ट्रीय दल भाजपा व कांग्रेस को तीसरे स्थान पर पहुंचाने में तक सफल रहे हैं। खिलचीपुर विधानसभा में 1990 में निर्दलीय उम्मीदवार के कारण कांग्रेस तीसरे पर चली गई थी। यहां भाजपा उम्मीदवार पूरसिंह पंवार ने जीत दर्ज की थी, दूसरे स्थान पर निर्दलीय हजारीलाल दांगी रहे थे व कांग्रेस प्रत्याशी प्रभूदयाल चौबे तीसरे स्थान पर चले गए थे।

खिलचीपुर विधानसभा सीट में ही 1998 निर्दलीय के कारण भाजपा भी तीसरे स्थान पर जा चुकी है। कांग्रेस के हजारीलाल दांगी चुनाव जीते थे, निर्दलीय कन्हैयालाल दांगी दूसरे पर रहे थे, तो भाजपा के पूरसिंह पंवार तीसरे स्थान पर चले गए थे। इसी प्रकार 1993 के चुनाव में नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के कारण भाजपा तीसरे स्थान पर जा चुकी है। कांग्रेस उम्मीदवार गिरीश् भंडारी चुनाव जीते थे तो शिवसेना से मोहन शर्मा दूसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा के हनुमान प्रसाद गर्ग तीसरे स्थान पर रहे थे।

